आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 206 ● कटनी ● मंगलवार, 30 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## J&K में टूट रहा कांग्रेस परिवार, गुलाम नबी आजाद के समर्थन में करीब 100 इस्तीफे तैयार

**श्रीनगर, एजेंसी।** गुलाम नबी आजाद कांग्रेस को एक और झटका देने जा रहे हैं। खबर है कि जम्मू और कश्मीर में करीब 100 कांग्रेस नेता और पदाधिकारी पार्टी से इस्तीफा देने की तैयारी कर रहे हैं। वह आजाद के साथ शामिल हो सकते हैं। इससे पहले भी कई नेता आजाद के समर्थन में बात कर चुके हैं।



## हमें शंकराचार्य जी का मार्गदर्शन नित मिलता रहे

### 99वें प्राक्ट्योत्सव पर राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने दी शुभकामनाएं



**जबलपुर यशभारत।** शारदा एवं द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी न केवल सनातन धर्म के धर्म ध्वजा वाहक है अपितु वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए जेल यात्रा की और अनुपम योगदान दिया।पूज्य महराज श्री के 99 प्राक्ट्योत्सव पर राज्यसभा सासद विवेक कृष्ण तन्खा ने उन्हें ट्वीट कर कोटिश: बधाई देते हुए कामना की है कि ईश्वर हमेशा उनका मार्गदर्शन हम पर बनाए रखे।

## इंदौर के दृष्टिबाधित छात्र यश को माइक्रोसाफ्ट ने दिया 47 लाख का पैकेज



**इंदौर,एजेंसी।** इंदौर के दृष्टिबाधित छात्र यश सोनकिया को प्लेसमेंट प्रक्रिया में माइक्रोसाफ्ट कंपनी ने नौकरी के लिए 47 लाख रुपये सालाना का पैकेज आफर किया है। यश कक्षा पांचवीं में था, तब से पिता से कहता था कि मुझे साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। यश ने एसजीएसआइटीएस में पढ़ाई की और स्क्रीन रीडर की मदद से साफ्टवेयर इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा किया। यश ने दसवीं तक एमपी बोर्ड से शिक्षा प्राप्त की। पांचवीं में जब यश साफ्टवेयर इंजीनियर बनने की बात कहता था तो दृष्टिबाधित होने से शुरुआत में तो परिवार के सदस्य उसका मन रखने के लिए बोल देते थे कि दसवीं के बाद इस पर बात करेंगे। दसवीं में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले यश को जब 11वीं में विषय चयन करने की बारी आई तो गणित और विज्ञान विषय को चुना। शुरुआत में किताबें नहीं मिली। बड़ी मुश्किल से कुछ किताबों का इंतजाम हुआ। तब पता लगा कि कंप्यूटर पर शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्क्रीन रीडर साफ्टवेयर मदद कर सकता है। इसके बाद जेईई मेन के आधार पर 2017 में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंर्फोरमेशन टेक्नोलाजी (आइआइआइटी) में प्रवेश हो गया, लेकिन इंदौर में रहकर पढ़ाई करना थी, इसलिए श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआइटीएस) को चुना। विद्यार्थी के ज्ञान को देखती हैं कुछ कंपनियां - यश संस्थान का पहला विद्यार्थी था जिसे प्रैक्टिकल करवाने और परीक्षा लेने में कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा। लिखित परीक्षा की जगह यश को कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली गई।

## कमाल राशिद खान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सेल्फ क्लेम क्रिटिक कमाल राशिद खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कमाल राशिद खान के खिलाफ मलाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। कमाल राशिद खान द्वारा साल 2020 में किए गए एक विवादित ट्वीट को लेकर पुलिस ने उन पर कार्रवाई की है। मुंबई के एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस ने बताया कि उन्हें आज ही बोरीवली कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि कमाल राशिद खान आए दिन अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं।



## जी-23 के नेता लड़ेंगे कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव?

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए राहुल और शशि थरूर के बीच मुकाबले के आसार

**नई दिल्ली एजेंसी।** क्या कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस में अब राहुल गांधी का मुकाबला शशि थरूर से होगा? क्या लंबे समय बाद कोई गैर गांधी पार्टी का नेतृत्व करने जा रहा है? यह सवाल सुबह से उठ रहा है, जिसके आधार में हैं शशि थरूर का मलयालम दैनिक समाचार पत्र मातृभूमि में लिखा लेख। हालांकि, अभी उन्होंने इस पर अंतिम फैसला नहीं किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि थरूर ने अभी अपना मन नहीं बनाया है लेकिन वह जल्द ही इस पर फैसला कर सकते हैं। बहरहाल, थरूर ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि वह इस मुकाबले में शामिल होंगे या नहीं। उन्होंने मलयालम दैनिक अखबार में एक लेख लिखा है, जिसमें उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का आह्वान किया है।

इस लेख में थरूर ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की दर्जन भर सीटों के लिए भी पार्टी को चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को 2020 में पत्र लिखकर संगठनात्मक सुधारों की मांग करने वाले 23 नेताओं के समूह में थरूर शामिल रहे। उन्होंने कहा, च्एआईसीसी और पीसीसी प्रतिनिधियों से लिए पार्टी के सदस्यों को यह फैसला लेने देने कि इन अहम पदों पर पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा, इससे आने वाले नेताओं के समूह को वैध बनाने और पार्टी का नेतृत्व करने के लिए उन्हें विश्वसनीय जनादेश देने में मदद मिलेगी।



### चुनाव के लिए कई उम्मीदवारों के सामने आने की उम्मीद

तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा, चफिर भी एक नए अध्यक्ष का चुनाव करना पुनरुद्धार की ओर एक शुरुआत है, जिसकी कांग्रेस को सख्त जरूरत है। मैं उम्मीद करता हूं कि चुनाव के लिए कई उम्मीदवार सामने आएंगे। पार्टी और देश के लिए अपने विचारों को सामने रखना निश्चित तौर पर जनहित को जगाएगा। थरूर ने कहा कि हालांकि, पार्टी को पूरी तरह से पुनर्जीवित करने की जरूरत है लेकिन नेतृत्व के जिस पद को तत्काल भरने की जरूरत है वह स्वाभाविक रूप से कांग्रेस अध्यक्ष का पद है। थरूर ने कहा कि चुनाव के दूसरे लाभ भी होते हैं। उन्होंने कहा, च्उदाहरण के लिए, हमने हाल ही में नेतृत्व की दौड़ के लिए ब्रिटिश कंजरवेटिव पार्टी में कई लोगों की रुचि देखी।

### लोग आगे आएं और पार्टी के लिए अपना विजन पेश करें

शशि थरूर ने कहा, इसी तरह के बदलाव की जरूरत कांग्रेस को भी है। इससे पार्टी को लेकर नेशनल इंट्रेस्ट बढ़ेगा और बड़ी संख्या में मतदाता भी पार्टी को आकर्षित होंगे। इसी वजह से मैं चाहता हूं कि पार्टी के भीतर कई नेता इसके लिए आगे आएं। पार्टी के लिए अपने विजन को सामने रखें। इससे पब्लिक इंट्रेस्ट जरूर पैदा होगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव 17 अक्टूबर को

कांग्रेस के नए अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक 24 सितंबर से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आरंभ होगी और एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को चुनाव होगा। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की ऑनलाइन बैठक में कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की ओर से पेश चुनाव कार्यक्रम को मंजूरी दी गई।



### रुद्रपुर में जहरीली गैस का रिसाव

## एसडीएम समेत 34 लोगों की तबीयत बिगड़ी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड में ऊधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर में मंगलवार सुबह ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में कबाड़ी की दुकान में रखे गैस सिलेंडर से जहरीली गैस का रिसाव हो गया। गैस की चपेट में आकर कई लोग बेहोश हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम, सीओ, फायर ब्रिगेड की टीम, स्थानीय पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।एसडीएम व राहत बचाव दल के आठ जवानों की तबीयत भी बिगड़ीगैस रिसाव की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम भी गैस की चपेट में आ गई। इस दौरान किच्छा क्षेत्र के उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव व एसडीआरएफ के करीब आठ जवानों की भी तबीयत खराब हो गई। गैस का रिसाव होने से वहां आस-पास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। साथ ही उल्टी होने की समस्या से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इससे लोगों में वहां दहशत का माहौल बन गया। बेहोश हुए करीब 34 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**अस्पताल में आईसीयू फुल**

## गैंगस्टर लॉरेंस का भांजा सचिन अजर बैजान में अरेस्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड सचिन थापन को अजरबैजान में अरेस्ट कर लिया गया है। वहीं, गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल कनाडा से कीनिया पहुंचने की खबर है। ये दोनों मूसेवाला के कत्ल से पहले फर्जी पासपोर्ट पर भारत छोड़ भाग गए थे। इसका पता चलते ही पंजाब पुलिस ने विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर सचिन को भारत लाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस ने इनकी क्रिमिनल हिस्ट्री मांगी है। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को मानसा में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के कनाडा बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने ली।पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को मानसा में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के कनाडा बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ने ली।सूत्रों के मुताबिक, सचिन को फर्जी पासपोर्ट मामले में करीब एक महीने पहले पकड़ा गया। इसकी जानकारी कुछ दिन पहले विदेश मंत्रालय को दी गई। अब विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से सचिन का पूरा क्रिमिनल रिकॉर्ड मांगा है। मूसेवाला केस में सचिन के रोल के बारे में भी रिपोर्ट मांगी है। सचिन को जल्द अजरबैजान से भारत प्रत्यर्पण लाया जा सकता है।सूत्रों के मुताबिक, अनमोल और सचिन नेपाल के रास्ते अजरबैजान गए। इसके बाद अनमोल कनाडा चला गया। लेकिन सचिन को फेक पासपोर्ट केस में गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही अनमोल कनाडा से कीनिया भाग गया। लॉरेंस ने कत्ल से पहले भारत से बाहर भेजा पंजाब पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि लॉरेंस और गोल्डी बरा? के साथ सचिन थापन और अनमोल भी मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड हैं। मूसेवाला का कत्ल करने से पहले लॉरेंस ने उनके फेक पासपोर्ट बनवाए और उन्हें बाहर भेज दिया। इसके बाद 29 मई को मूसेवाला की हत्या कर दी गई। सचिन थापन ने बाद में एक टीवी चैनल को फोन कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी।



**भाई अनमोल कनाडा से कीनिया भागा**

**विदेश मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से क्रिमिनल हिस्ट्री मांगी**

## हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना बन सकती हैं सीएम

### द्रौपदी मुर्मू के गांव से हैं, पति की सीट से लड़ने पर बिगड़ेगा समीकरण

**नई दिल्ली ,ईएमएस।** खनन पट्टा लीज में ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुर्सी खतरे में पड़ गई है। ऐसे में यदि उन्हें डिबार किया जाता है तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। कल्पना सोरेन सीएम बनती हैं तो वह झारखंड की पहली महिला मुख्यमंत्री होंगी। वह मूल रूप से ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर की रहनेवाली हैं जहां से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आती हैं।कल्पना रायरंगपुर के बहाल्दा ब्लॉक के तेंताला गांव की रहने वाली हैं। कल्पना के चाचा जगन्नाथ मुर्मू ने बताया कि कल्पना ने बारीपद के केन्द्रीय विद्यालय से पढ़ाई की है। भुवनेश्वर के एक इंस्टीट्यूट से बीटेक की डिग्री ली है। एमबीए भी किया है।कल्पना और हेमंत सोरेन के दो बच्चे हैं निखिल और अंश।



### रांची से विधायकों को रायपुर एयरलिफ्ट करने की तैयारी

झारखंड में सियासी हलचल के बीच गठबंधन दल के विधायकों को रायपुर ले जाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर रांची एयरपोर्ट में इंडिगो की स्पेशल फ्लाइट बुक की गई है। शाम साढे 4 बजे विधायकों को रायपुर शिफ्ट किया जा सकता है। सभी विधायक और मंत्री ष्टरू हाउस पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां से बसों के जरिए विधायकों को एयरपोर्ट ले जाया जाएगा। फिर एयरपोर्ट से विधायकों को रायपुर भेजा जाएगा। रायपुर एयरपोर्ट पर भी विधायकों के पहुंचे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### सेक्स करने से पहले आधार और पेन कार्ड देखने की जरूरत नहीं :हाई कोर्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।** हनीट्रैप केस में एक शख्स को जमानत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि सहमति से संबंध बनाते समय किसी को पार्टनर का डेट ऑफ बर्थ चेक करने के लिए आधार और पैन कार्ड देखने की जरूरत नहीं होती है। कोर्ट ने पुलिस प्रमुख यो इस बात की भी जांच करने को कहा कि क्या च्पीड़ितज् महिला आदतन अपराधी है, जिसने रेप का केस दर्ज कराकर पैसों की उगाही की। एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के अनुसारमहिला ने दावा किया था कि जब इसे सेक्स के लिए सहमत किया गया तब वह नाबालिग थी और फिर आरोपी ने उसे धमकी देकर रेप किया। केस की सुनवाई के दौरान पिछले सप्ताह जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा, च्एक व्यक्ति जो किसी के साथ सहमति से शारीरिक संबंध में है, उसे डेट ऑफ बर्थ जांच करने की जरूरत नहीं।

## CBI ने मनीष सिसोदिया के लॉकर खंगाले: PNB में 45 मिनट तलाशी ली

### डिप्टी CM बोले- लॉकर से कुछ नहीं मिला, PM ने जांच कराई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की शराब नीति में गड़बड़ी के मामले में जांच में जुटी CBI मंगलवार को डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी ली। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 4 की पंजाब नेशनल बैंक में मनीष सिसोदिया का बैंक लॉकर है। CBI की टीम ने बैंक में 45 मिनट तक लॉकर की जांच की। इस दौरान मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी भी बैंक में मौजूद रहीं। जांच के दौरान बैंक के गेट बंद रहे। किसी को भी अंदर आने और अंदर से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। जांच के बाद डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा- लॉकर से सीबीआई को कुछ भी नहीं मिला। सारी जांच में मेरा परिवार पाक-साफ है। ये सच्चाई की जाती है। पीएम ने मेरे लॉकर की जांच कराई। मुझे 2-3 महीने से जेल भेजने की साजिश हो रही है। ये नियम है कि लॉकर को उसके खाताधारक की अनुमति और उपस्थिति के बिना नहीं खोला जाता है, इसलिए मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा को यहां बुलाया गया है। दिल्ली के डिप्टी सीएम बनने से पहले मनीष सिसोदिया गाजियाबाद के इसी वसुंधरा इलाके में रहते थे।



## इराक में श्रीलंका जैसा नजारा, राष्ट्रपति भवन में घुसे प्रदर्शनकारी, पूल में मारी डुबकियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों पूरी दुनिया ने देखा कि आर्थिक और राजनीतिक रूप से चरमराए श्रीलंका का हाल क्या हुआ। कुछ ऐसा ही नजारा इराक से भी सामने आया है जब शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र ने सोमवार को राजनीति छोड़ने का ऐलान कर दिया। इस ऐलान के बाद सेना ने कर्फ्यू लगा दिया लेकिन अल-सद्र के समर्थक सड़क पर उतर आए। इतना ही नहीं उनके समर्थकों ने राष्ट्रपति भवन की ओर कूच कर दिया और वे स्वीमिंग पूल और मीटिंग हाल में भी घुस गए। दरअसल, शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र के के राजनीति छोड़ने के फैसले से उनके समर्थकों में नाराजगी बढ़ गई और वे सड़कों पर उतर आए। इस दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। सद्र के हजारों समर्थकों ने राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया। सुरक्षाबलों ने रोकने के लिए पहले आंसू गैस के गोले दागे और फायरिंग भी की, लेकिन वे नहीं माने।

हिंसा में अब तक 20 की मौत ,300 घायल

इसी बीच खबर है कि मुल्क में सभी सरकारी दफ्तरों को बंद कर दिया गया है। बगदाद में प्रदर्शनकारियों का हंगामा जारी है। बिगड़ते हालात के चलते अमेरिकी दूतावास अलर्ट मोड पर है। वहीं, डच दूतावास को खाली कराया जा रहा है। खबर है कि फिलहाल, इराक में जारी हिंसा में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि, 300 घायल हैं।



### महिलाओं के लिए दिल्ली सबसे असुरक्षित

# एक साल में अपराध के मामले 40% बढ़े

**नई दिल्ली , ईएमएस।** दिल्ली देश में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्रष्टक्रक्च) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में साल 2020 में महिलाओं के खिलाफ 9,782 अपराध दर्ज किए गए थे, जो 2021 में 40प्रशब ?कर 13,892 हो गए। दिल्ली के बाद मुंबई 5,543 मामलों के साथ दूसरे नंबर और बेंगलुरु 3,127 मामलों के साथ तीसरे नंबर पर है। मुंबई में 12.76प्र। और बेंगलुरु में 7.2प्रशमें महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध दर्ज किए गए। देश के 19 बड़े शहरों में महिलाओं के खिलाफ हुए कुल अपराधों में से अकेले दिल्ली में 32त्न अपराध दर्ज किए गए। 2021 में दिल्ली में महिलाओं पर अपराध के मामले दिल्ली में अन्य बड़े शहरों की तुलना में अपहरण के 3,948 मामले दर्ज किए गए। पतियों द्वाराक्रूरता के 4674 और नाबालिग से बलात्कार के 833 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में हर दिन औसतन दो लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया।दहेज के लिए हत्या के 136 मामले दर्ज किए गए।19 बड़े शहरों में महिलाओं के अपहरण के कुल 8,664 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि अकेले दिल्ली में 3,948 मामले दर्ज किए गए।19 बड़े शहरों में महिलाओं के अपहरण के कुल 8,664 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि अकेले दिल्ली में 3,948 मामले दर्ज किए गए।



### दिल्ली में हर दिन दो नाबालिग से रेप

आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 2021 में हर दिन दो नाबालिग लड़कियां दुष्कर्म का शिकार बनी। पिछले साल 19 बड़े शहरों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के कुल 43,414 मामले दर्ज किए गए। इनमें से दिल्ली में 13,982 मामले दर्ज किए गए। वहीं, दहेज के लिए हत्या के 136 मामले दर्ज किए गए हैं, जो 19 महानगरों में होने वाली कुल मौतों का 36.26प्रश है।दिल्ली में पिछले साल महिलाओं का शील भंग करने के इरादे से उन पर हमले के 2,022 मामले दर्ज किए गए। NCRB ने कहा कि 2021 में POCSO एक्ट के तहत 1,357 मामले दर्ज किए गए। । आंकड़ों के अनुसार, 2021 में बच्चियों के बलात्कार के 833 मामले दर्ज किए गए।

## तीजा पर शहर में दिखा उत्साह, गणेश जी की आगवानी के लिए हर कोई तैयार

# हरतालिका पर आज रतजगा कल घर-घर विराजेंगे विघ्नहर्ता

**कटनी,यशभारत। हरतालिका तीज पर आज भगवान शिव पार्वती की रात भर आराधना घर घर होगी। फुलहरा के नीचे पार्थिव शिव पार्वती की प्रतिमा की पूजा होगी। दिन भर निर्जला व्रत रखकर इच्छित वर पाने अविवाहित युवतियों ने व्रत रखा इसी तरह अखंड सौभाग्य पति की लंबी आयु के लिए विवाहित महिलाओं ने व्रत रखा।**

कटनी के मुख्य बाजार में तीजा तथा कल से घर घर गणेशोत्वस को लेकर उत्साह के साथ भीड़ भाड़ दिखी। शहर में अनेक स्थानों पर फुलहरा बेचने वालों तथा गौरी शंकर की पार्थिव प्रतिमा को बेचने वाले दिखे। बाजार काफी गुलजार नजर आ रह था। तीजा के बाद कल से घर घर गौरीनंदन पधारेंगे। इसे लेकर बच्चों में खासा उत्साह है आपको बता दें कि बीते दो सालों से कोरोना महामारी के कारण गणेशोत्सव पर्व लोग उत्साह से नहीं मना पा रहे थे। इस बार बिना किसी बंदिश के जमकर उत्साह देखा जा रहा है। गणेशोत्सव के लिए प्रमुख श्री गणेश चौक मंदिर में गणेश जी की भव्य प्रतिमा की स्थापना के साथ लोगों ने घर में भगवान की आगवानी की पूरी तैयारी कर ली है। कचहरी चौक पर भगवान गणेश की प्रतिमा की दुकानों में भीड़ दिखी। सबसे ज्यादा बच्चे अपने अभिभावकों के साथ गणेश जी की प्रतिमा के लिए आतुर नजर आए।



### उदया तिथि के आधार पर हरतालिका तीज का व्रत

हिंदू कैलेंडर के मुताबिक, हरतालिका तीज भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस साल 29 अगस्त दिन सोमवार को दोपहर 03 बजकर 20 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 30 अगस्त मंगलवार को दोपहर 03 बजकर 33 मिनट रहेगी। उदया तिथि के आधार पर हरतालिका तीज का व्रत 30 अगस्त को रखा जाएगा है।

### क्यों मनाई जाती है हरतालिका तीज

सौभाग्यवती महिलाएं अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने के लिए हरतालिका तीज का व्रत करती हैं। अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए इस दिन उपवास करती हैं। हरतालिका तीज को मनाने का एक कारण माता पार्वती और भगवान शिव हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने ही सबसे पहले हरतालिका तीज का व्रत करते भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। माता पार्वती का अनुसरण करते हुए महिलाएं शिवजी और माता पार्वती जैसा दांपत्य जीवन पाने की कामना करती हैं।

#### कैसे मनाई जाती है हरतालिका तीज

हरतालिका तीज के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान के बाद स्वच्छ कपड़े पहनें। फिर हाथ में जल लेकर व्रत करने का संकल्प करें। माता पार्वती, शिव जी और गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाकर एक चौकी पर स्थापित करें। देवी पार्वती को वस्त्र, चुनरी और अन्य श्रृंगार के सामान से तैयार करें। फिर फूल, धूप, चंदन अर्पित करें। शिव जी को भांग, धतूरा और सफेद फूल अर्पित करें। पूरा दिन निर्जला उपवास के बाद रात में भजन कीर्तन और फिर मुहूर्त पर पूजा करें। उपवास के दौरान आप मंत्रों का जाप कर सकते हैं। भगवान शिव की पूजा करते समय '? नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। मां पार्वती का पूजन करते समय '? उमायै नमः' मंत्र का जाप करें।



# गणेश चतुर्थी पर बना ग्रहों का शुभ संयोग

**कटनी, यशभारत। बुधवार 31 अगस्त से 09 सितंबर 2022 तक गणेश उत्सव मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि और स्वाति नक्षत्र में दोपहर के समय भगवान गणपति का जन्म हुआ था। इस कारण से हर वर्ष गणेश जन्मोत्सव का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार गणेशोत्सव की शुरुआत बहुत ही शुभ और विशेष योग में हो रही है। बुधवार से गणेश उत्सव प्रारंभ है और बुधवार का दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के लिए विशेष महत्व रखता है। बुधवार के देवता भगवान गणेश जी को माना गया है और इस दिन के ऊपर बुध ग्रह का स्वामित्व प्राप्त है।**



### बुधवार,31 अगस्त को ग्रहों की स्थिति कैसी रहेगी

इस बार गणेश उत्सव बुधवार और चित्रा नक्षत्र में शुरू होगा। इसके अलावा इस दिन बुध, चंद्रमा के साथ स्वराशि यानी कन्या में रहेंगे। कन्या राशि बुध की उच्च राशि मानी गई है। इसके अलावा सूर्य, शनि और गुरु जो सभी ग्रहों में काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं ये सभी अपनी-अपनी राशि में मौजूद रहेंगे। सूर्य की स्वयं की राशि सिंह हैं, शनि की स्वराशि कुंभ और मकर है जबकि गुरु की स्वयं की राशि मीन है। वर्ष 2022 में गणेश उत्सव की शुरुआत चित्रा नक्षत्र के साथ हो रही है जबकि गणेश उत्सव के आखिरी दिन धनिष्ठा नक्षत्र का योग है। चित्रा और धनिष्ठा नक्षत्र के स्वामी मंगल ग्रह हैं। शास्त्रों के अनुसार भगवान गणेश की पूजा सभी देवी-देवताओं में सबसे पहले की जाती है। भगवान गणेश प्रथम पूज्य देवता हैं। भगवान गणेशी पूजा-उपासना करने पर सभी तरह के शुभ कार्यों में आने वाली रुकावटें फौरन ही दूर हो जाती है। प्रतिदिन गणेश पूजा से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा किस तरीके से करें। सबसे पहले भगवान गणेश का आवहन करते हुए ऊं गं गणपतये नमः मंत्र का उच्चारण करते हुए चौकी पर रखी गणेश प्रतिमा के ऊपर जल छिड़के। भगवान गणेश की पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्रियों को बारी बारी से उन्हें अर्पित करें। भगवान गणेश की पूजा सामग्रियों में खास चीजें होती हैं ये चीजें- हल्दी, चावल, चंदन, गुलाल,सिंदूर,मौली, दूर्वा,जनेऊ, मिठाई,मोदक, फल,माला और फूल। इसके बाद भगवान गणेश का साथ भगवान शिव और माता पार्वती की भी पूजा करें। पूजा में धूप-दीप करते हुए सभी की आरती करें। आरती के बाद 21 लड्डुओं का भोग लगाएं जिसमें से 5 लड्डू भगवान गणेश की मूर्ति के पास रखें और बाकी को ब्राह्मणों और आम जन को प्रसाद के रूप में वितरित कर दें। अंत में ब्राह्मणों को भोजन कराएं और उन्हें दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लें।







## फटाफट मेंहदी है रचने वाली...



**कटनी,यशभारत।** पर्व शुरू होते ही सबसे ज्यादा उत्साह युवा पीढ़ी में रहता है। हरतालिका तथा गणेशोत्सव पर शहर में उत्साह चरम पर है। सावन मास से शुरू हुई पर्वों की श्रंखला अब नवरात्रि तक जारी रहेगी। आज तीजा के अवसर पर शहर में उत्साह के साथ मेंहदी को लेकर भी युवतियां खूब उत्साहित दिखीं। खास बात यह है कि अब मेंहदी लगाने के लिए ज्यादा समय नहीं इस बार शहर में कई ऐसे लोग भी महज कुछ मिनट में मेंहदी लगा रहे थे। सुभाष चौक में मेंहदी लगाने वाले एक्सपर्ट अपनी फीस अलग अलग डिजाइन के अनुसार रख कर युवतियों को मेंहदी लगा रहे थे। युवतियां भी इनके पास फटाफट वाली मेंहदी लगाने आतुर नजर आईं।




## वनवासी विकास परिषद महाकोशल प्रांत के अभ्यास वर्ग का समापन

**कटनी,यशभारत।** सिलिकोबाईट केडिसी कालेज में पांच दिवसीय 21अगस्त से 25अगस्त तक अभ्यास वर्ग शुरू है, इस वर्ग में 60 पूर्णकालिक कार्यकर्ता रहे। जनजातीय समाज के सर्वगीन विकास के लिए वनवासी विकास परिषद कार्य कर रहा हेए इसलिए कार्यकर्ताओं की पूर्णकालिक प्रशिक्षण हेतु अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। अभ्यास वर्ग में मुख्य अतिथि माननीय वर्गाधिकारी अजय सिंह, राजेंद्र मानदला अभा श्रद्धा जागरण प्रमुखए बीरबल सिंह शहर क्षेत्र संगठन मंत्री, किशोरीलाल प्रांत संगठन मंत्री, निर्भय सिंह, सुभाष बडोले प्रांत संगठन मंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ।










## नैच्यूरोपैथी की आधुनिक सुविधाओं का लाभ ले रहे आमजन



**कटनी,यशभारत।** बाबा माधव शाह चिकित्सालय जन-जन की सेवा में सदा तत्पर एवं अग्रणी हैं, अस्पताल में न्यूनतम जांच शुल्क एवं खून व पेशाब की जांच, साथ ही दंत चिकित्सा, फिजियोथैरेपी, नैच्यूरोपैथी की आधुनिक सुविधाओं का लाभ आमजन ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज बाबा माधव शाह चिकित्सालय, माधव नगर में अत्याधुनिक दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन की सुविधा 29 अगस्त 2022 को आरंभ हो गई है। आमजन की सेवा, परमार्थ के लिए चिकित्सालय में लेप्रोस्कॉपी सर्जरी से, गॉल ब्लैडर (पित्त की थैली), पेल्विस, अपर एवं लोवर जी आई ट्रैक्ट, थोरेक्स सर्जरी, अपेंडिक्स, हर्निया के साथ बड़ी एवं छोटी आंत का सफल ऑपरेशन संभव है। इस अत्याधुनिक दूरबीन पद्धति से कटनी, माधव नगर एवं आसपास के गांवों कस्बों के लोगों को कम दरों पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है7 बाबा माधव शाह चिकित्सालय प्रबंधन कि आमजन से अपील है कि जरूरतमंद मरीज इसका लाभ लें एवं अन्य लोगों को भी अवगत कराएं।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, मंगलवार, 30 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## कीचड़ से सनी हाईवे की सड़क, गड्ढों में फंसकर रोज गिर रहे वाहन चालक, आवारा मवेशियों के जमघट से दुर्घटनाओं का खतरा



यह किसी गांव की सड़क नहीं है, बल्कि कटनी शहर के बीच से होकर गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग की तस्वीर है। नेशनल हाईवे पर बस स्टैंड से लेकर कुठला और इसके आगे चाका तक सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और इसमे बरसाती पानी भरा होने के साथ ही कीचड़ का साम्राज्य हो गया है। इसके अलावा हाईवे पर चौराहों और तिराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड आसानी से देखा जा सकता है। रात में आवारा मवेशियों के जमघट से हर समय सड़क दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है। नगर निगम और जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। ऐसा लगता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

# अहिंसा परमोधर्म: की राह पर चलना सिखाता है पर्यूषण पर्व

### आत्मशुद्धि के महापर्व का आरंभ कल से, 10 दिनों तक व्रत रखेंगे जैन धर्मावलंबी



**कटनी, यशभारत।** जैन समाज के प्रमुख पर्वों में से एक पर्यूषण पर्व कल 31 अगस्त से शुरू हो रहा है। आत्मशुद्धि के इस महापर्व को लेकर जैन समाज के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। कल 31 अगस्त से 9 सितंबर तक दशलक्षण महापर्व मनाया जाएगा। दस दिवसीय पर्यूषण पर्व आत्मशुद्धि को बढ़ाने के लिए आते हैं। जैन धर्म में व्रत उपवास का बड़ा महत्व है। कुछ लोग 10 दिन तक भोजन एवं पानी का त्याग कर निर्जला उपवास करते है। शेष लोग अपने सामर्थ्य अनुसार रात्रि भोजन का त्याग एवं बाजार के खाने का त्याग कर घर में भोजन करते है। पर्व को मनाने हेतु समाज के सभी लोगों द्वारा 8-10 दिन पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती हैं। 10 दिन तक हरी सब्जी का त्याग किया जाता है। पर्व पर कुछ लोग 10 दिन निर्जला उपवास करते हैं। कुछ लोगों द्वारा 24 घंटे में एक बार ही आहार ग्रहण किया जाता है। नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रातः सामूहिक पूजन, अभिषेक होता है। दोपहर में विधान, रात्रि में पर्व के 10 धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अंकिचन, ब्रह्मचर्य पर मांगलिक प्रवचन होने के पश्चात अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**जैन मंदिरों में होगा सामूहिक पूजन एवं अभिषेक, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

### ज्ञान, ध्यान, तप में लीन होना उपवास

जैन धर्म में आहार, पंचेद्रिय के विषयों एवं क्रोध आदि कषाय को त्यागकर ज्ञान, ध्यान, तप में लीन रहने को उपवास कहा गया है। शेष लंघन है फिर भी शारिरिक स्वास्थ्य लाभ एवं बाह्य पुन्य लाभ तो होता ही है। जैन परंपरा में रसों को क्रमशः त्याग करने को महाव दिया गया है। व्रतों में अल्प आहार सुपाच्य आहार करने का महत्व है। एक बार गरिष्ट आहार तो व्रत की खानापूर्ति मात्र है, फिर भी त्याग के संस्कार का लौकिक लाभ होता ही है। जैन परंपरा में सच्चा श्रद्धान, भेद, विज्ञान, विवेक और आत्मानुभूति पूर्वक सहज व्रत उपवास होते हैं, इसलिए दिगंबर मुनिराज तपोधन हैं। अर्जिका माता, एलक, छुल्लक मध्यम व्रती है और न्याय नीति पूर्वक चलने वाला समकिति ग्रहस्थ जघन्य व्रती है। शेष व्रती दशलक्षण में अभ्यास करने वाले व्रती है।

### क्या कहती हैं महिलाएं



पर्युषण पर्व का अर्थ है परि यानी चारों ओर से उषण यानी धर्म की आराधना। पर्युषण को महावर्प कहा जाता है। पर्यूषण को दसलक्षण पर्व भी कहते हैं। ये दसलक्षण हैं क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, संयम, शौच, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य। पर्युषण पर्व जैनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व बुरे कर्मों का नाश करके हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। **-सुरभि जैन**



यह व्रतों का महापर्व है। जैन समाज के लोग 10 दिन तक व्रत रखते हैं। व्रत रखकर सभी तरह के ताप मिटाए जाते हैं। पर्युषण के 2 भाग हैं, पहला तीर्थंकरों की पूजा, सेवा और स्मरण तथा दूसरा अनेक प्रकार के व्रतों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक व वाचिक तप में स्वयं को पूरी तरह समर्पित करना। इस दौरान बिना कुछ खाए और पिए निर्जला व्रत करते हैं।

**-निकिता जैन**



इन दिनों साधुओं के लिए 5 कर्तव्य बताए गए हैं. संवत्सरी, प्रतिक्रमण, केशलोचन, तपश्चर्या, आलोचना और क्षमा याचना। गृहस्थों के लिए भी शास्त्रों का श्रवण, तप, अभयदान, सुपात्र दान, ब्रह्मचर्य का पालन, आरंभ स्मारक का त्याग, संघ की सेवा और क्षमा याचना आदि कर्तव्य कहे गए हैं।-

**-मीनू सिंघई**



यह पर्व महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जिओ और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है तथा मोक्ष प्राप्ति के द्वार खोलता है। पर्युषण पर्व के समापन पर मैत्री दिवस अर्थात संवत्सरी पर्व मनाया जाता है। अंतिम दिन दिगंबर उत्तम क्षमा कहते हुए लोगों से क्षमा मांगते हैं। इससे मन के सभी विकारों का नाश होकर मन निर्मल हो जाता है और सभी के प्रति मैत्रीभाव का जन्म होता है।

**-शालू जैन**



# ताईक्वांडो में बच्चों ने दिखाए जौहर, जीता टेस्ट

### फर्स्ट स्टेप एकेडमी बेल्ट टेस्ट का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** विगत 13 अगस्त को फर्स्ट स्टेप एकेडमी में बच्चो के ताईक्वांडो के बेल्ट टेस्ट संपन्न हुए। टेस्ट में पास एवं उत्तीर्ण आए छात्र-छात्राओं में येलो बेल्ट सब जूनियर में लवजोत सिंह स्वर्ण पदक, अन्वी कस्त्वार रजत पदक, अव्यान सिंघाई कांस्य पदक, जूनियर येलो बेल्ट में श्रेया कुशवाहा स्वर्ण पदक, आरना चेनानी, रजत पदक, वाणी झामनानी कांस्य पदक, सीनियर रेड बेल्ट एवं ब्लू बेल्ट में अनंत लालवानी स्वर्ण पदक, वर्षा सलूजा रजत पदक विजेता रहे, साथ ही येलो बेल्ट स्टूडेंट अनीका मोर, रिद्धि, राशि, वेदांश, आदविक, रिया पल सिंह, अनन्या, आर्यन सफल हुए। टेस्ट मास्टर गोपाल सिंह जंडा, ब्लेक बेल्ट चतुर्थ डान द्वारा लिए गए। एकेडमी की प्रशिक्षिका मांडवी मिश्रा ब्लेक बेल्ट तृतीय डान एवं सह प्रशिक्षक ईश्वरी जाटव ब्लैक बेल्ट प्रथम डान, जानवी मिश्रा ब्लेक बेल्ट प्रथम डान ने कार्य संभाला। अकेडमी के चेयरमैन अनिल लालवानी एवं श्रीमती नीतू लालवानी द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, साथ ही बच्चों के उज्वल भविष्य को कामनाएं की।

# रोज पिट रही मेमू पैसेंजर

### स्टेशनों पर रोककर निकाला जा रहा सुपरफास्ट एवं एक्सप्रेस ट्रेनों को



**कटनी, यशभारत। कटनी से जबलपुर होते हुए इटारसी के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर पिछले कई दिनों से रोज पिट रही है। जानकारी के मुताबिक कटनी से राइट टाइम रवाना होने के बाद भी यह ट्रेन अपने गंतव्य में देरी से पहुंच रही है। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

यात्रियों ने जानकारी देते हुए बताया कि सतना से कटनी तक आने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन यहां कुछ देर रूकने के बाद कटनी से जबलपुर के लिए रवाना होती है। यहां से दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर रवाना होने के बाद इस ट्रेन को निवार, स्लीमनाबाद एवं डुण्डी स्टेशन पर रोककर पीछे से आने वाली कई सुपरफास्ट एवं एक्सप्रेस ट्रेनों को आगे बढ़ा दिया जाता है, जिससे यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चलने लगती है। इसकी वजह से यात्री अपने गंतव्य भी विलंब से पहुंचते हैं। यात्रियों का कहना है कि इस ट्रेन के परिचालन में सुधार किया जाए, जिससे यात्रियों को राहत मिल सके।

# संजयनगर में इस बार भी विराजेंगे 151 गणपति

### महोत्सव की तैयारियां पूर्ण, 10 दिनों तक होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम, मनोरंजक झूले का लुत्फ उठाएंगे बच्चे



**कटनी, यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संजयनगर में प्रथम पूज्य बुद्धि विनायक भगवान श्री गणेश की 151 प्रतिमाओं की अपार उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ स्थापना की जा रही है। 10 दिवसीय इस विराट धार्मिक आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आयोजनस्थल पर इस बार भी विशाल एवं भव्य मेला आयोजित किया जा रहा है, इसके अलावा इस बार श्रीमद्भागवत महापुराण भी आयोजित की जा रही है। संजयनगर में हो रहे इस धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति के संयोजक पंडित उमाकांत दुबे ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में भगवान श्री गणेश की 151 प्रतिमाओं की स्थापना केवल कटनी में ही की जाती है। कटनी भारत का केंद्र बिंदु है और यहां भगवान 151 गणपति की प्रतिमाओं की स्थापना से यह आयोजन केवल संजयनगर ही नहीं वरन पूरे शहर का आयोजन बन गया है। उन्होंने बताया कि यह 18वां वर्ष है। सभी कार्यक्रम पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के सानिध्य में सम्पन्न होंगे। भगवान 151 गणपति की प्रतिमाओं को सिहोरा के पास सरोली मझगवां में मूर्तिकार द्वारा तैयार किया गया है। प्रतिदिन सुबह-शाम भगवान गणपति की पूजा अर्चना के साथ आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान रोजाना भजन कीर्तन का भी सिलसिला चलता रहेगा। अनंत चतुर्दशी के दिन विशाल भंडारे के साथ भगवान को एक साल के लिए बिदाई दी जाएगी।

### 10 दिनों तक श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन

इस अवसर पर कल 31 अगस्त से 9 अगस्त तक श्रीमद्भागवत महापुराण का भी आयोजन किया गया है। पहले दिन 151 कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। कलश यात्रा संजय नगर से खेरमाई, मेन रोड होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंचकर समाप्त होगी। इसके उपरांत 151 गणपति जी की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित हरिशंकर दुबेके द्वारा विधि विधान के साथ स्थापना कराई जाएगी। आचार्य शरद गोविंद संकर्षण दास जी महाराज वृन्दावन द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रवचनों की अमृतवर्षा की जाएगी। 31 अगस्त को कलश यात्रा के उपरांत माहात्म्य कथा, 1 सितंबर को कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, कपिल देवहूति संवाद, 2 सितंबर को ध्रुवचरित्र, भरत चरित्र, अजामिल उपाख्यान, 3 सितंबर को वामन जन्म, राम जन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, 4 सितंबर को नंद उत्सव, माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजा, 5 सितंबर को महारास की कथा, उद्धव गोपी संवाद, कृष्ण रुक्मणि विवाह एवं 6 सितंबर को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा होगी। 8 अगस्त को पूर्णाहुति, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। 9 अगस्त घुघरा में गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

# आपसी सद्भाव के बीच मनेगा गणेशोत्सव पर्व, विगढ़ में शांति समिति की बैठक



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** गणेश उत्सव को शान्ति पूर्वक मनाने हेतु नगर व ग्रामीण गणेश उत्सव समिति के सदस्यों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में एसडीओपी उमराव सिंह की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों को गणेश उत्सव से लेकर गणेश विसर्जन तक पालन करने हेतु थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल द्वारा पढ़कर बताया गया एवं नगर परिषद द्वारा मुख्य मार्ग पर साफ सफाई, विसर्जन स्थल महानदी घाट पर चुस्त दुरुस्त व्यवस्था हेतु बताया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मण्डल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, श्रीमति माधुरी मिश्रा, सरपंच मन्तू निगम, रमाकांत तिवारी, मो शफीक, बुद्ध सेन सहित वार्ड पार्षदो गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों व पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

mgm HOSPITAL We Care with Care
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com



# छात्राओं को दी करियर से संबंधित जानकारी गर्ल्स कॉलेज में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण

**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में 29 अगस्त से 15 दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन एवं जिला व्यापार एवम उद्योग केंद्र कटनी के सहयोग से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में रोजगार से संबंधित साक्षात्कार, स्वाट विश्लेषण, रिज्यूम बनाना एवं व्यक्तिव से संबंधित अनेकों विषयों की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता ने उद्बोधन भाषण देकर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के समय स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी नागेंद्र यादव, डॉ अशोक शर्मा, डॉ संजयकांत भारद्वाज, प्रेम लाल कंवारे, भीम बर्मन, श्रीमती ज्योति सिंह चौहान, रंजीत सिंह गौतम, शकील अहमद, माधव राठौर उपस्थित रहे।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ महिला विंग की अध्यक्ष बनीं दीपिका



कटनी, यशभारत। मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक राजपूत हाउस में संपन्न हुई, जिसमें विचार विमर्श के बाद जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। संघ के प्रदेश सचिव डॉ सुरेंद्र राजपूत की सहमति एवं महासचिव राकेश तिवारी की सहमति से जिलाध्यक्ष आशीष सोनी ने जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया है, इसमे 4 कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। महिला इकाई एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रकोष्ठ का गठन भी किया।नवनीत गुप्ता, महेंद्र नायक, अज्जू सोनी एवं अनंत गुप्ता को कार्यवाहक अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रकोष्ठ का अध्यक्ष सजल सांधेलिया एवं महिला इकाई का अध्यक्ष श्रीमती दीपिका पांडे को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों ने बधाई दी है।

# अंतिम तारीख निकलने के बाद लग रही चपत



**बिलों के मैसेज नहीं भेजने की शिकायत पर उपभोक्ता को मिली धमकियां**

**कटनी,यशभारत।** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली बिलों के मैसेज नहीं भेजे जाने की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों करने पर धमकियां दी जा रही है। समाजसेवी विशनदास चेलानी ने बताया कि बरही रोड स्थित उनके मकान के बिल की जानकारी उन्हें मोबाइल में मैसेज के माध्यम से नहीं मिली। जिससे वे समय पर अपने बिलों का भुगतान नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि जब उन्हें विद्युत विभाग की तरफ से कनेक्शन काटने की जानकारी दी गई ए तब उन्हें बिल की जानकारी लगी। इसकी शिकायत किए जाने पर अज्ञात लोगों द्वारा उनके मोबाइल पर धमकियां दी जा रही है। श्री चलानी ने बताया कि इस तरह की स्थितियां अनेको उपभोक्ताओं के साथ निर्मित हो रही है। चैलानी ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से विद्युत विभाग की मनमानी पर रोक लगाने एवं उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि 98273-88748 पर बिजली के मैसेज भेजे जाए।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 26th August 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# असंतोष फैलाने की कोशिशों पर नजर रखें

## सीएम शिवराज के निर्देश

## कानून व्यवस्था की समीक्षा

**भोपाल , यशभारत।** कोई भी संगठन हो या व्यक्ति, कानून से ऊपर कोई नहीं है। समाज में असंतोष फैलाने की कोशिश करने वालों पर नजर रखें। सभी वर्गों से संवाद बनाए रखें और समस्याओं का समाधान बातचीत से निकालने के प्रयास करें। जहां आवश्यक हो, वहां सख्त कार्रवाई भी करें। किसी भी सूरत में प्रदेश की कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। आगामी त्योहार के दिनों में हर स्तर पर सतर्कता बनाए रखें। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।



उन्होंने कहा कि समाज में असंतोष फैलाने की कोशिशों के बीच हम मूकदर्शक बनकर बैठे नहीं रह सकते हैं। प्रदेश के विभिन्न् भागों में हो रही गतिविधियों के प्रति संवेदनशील रहें। ऐसे संगठन और व्यक्तियों पर नजर रखी जाए, जो समाज में असंतोष फैला सकते हैं। सभी वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ जीवंत संपर्क रखें। समस्याओं का समाधान बातचीत करके निकालने के प्रयास होने चाहिए। इसके बाद भी यदि लगता है कि सख्ती करने की आवश्यकता है तो वह भी करें। गुंडों और ड्रग्स के कारोबार में लगे व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें। कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा साप्ताहिक आधार पर करें। इस दौरान पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैंड, डीजे संचालक, उत्सव और चल समारोह के आयोजनकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठक हो रही हैं। सबको निर्देश दिए हैं कि चल समारोह एक स्थान पर अधिक समय न रुके, यह तय करें। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में शांति के साथ त्योहार संपन्न् हों, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजौरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम शिवराज बोले स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण के लिए लगाए जाएंगे बहुउद्देश्यीय शिविर

भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज जो स्ट्रीट वेंडर्स आए हैं, उनमें से अधिकांश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें चाट का ठेला लगाने, सब्जी बेचने, गोबर के दीपक और मूर्तियां बनाने वाले, फल विक्रेता, चाय नाश्ते का ठेला लगाने वाले, सिलाई कार्य करने वाले, बैग और रजाई बनाने का कर्य करने वाले, आर्टिफिशियल ज्वेलरी बेचने वाले, ठेले पर कपड़े बेचने वाले और मोची का काम करने वाले शामिल है। इनमें से अनेक हितग्राहियों ने लिया गया ऋण चुका कर दोबारा दोगुना ऋण प्राप्त कर लिया है। यह इनके आत्म निर्भर बनने की आकांक्षा का परिचायक है। राज्य सरकार स्ट्रीट वेंडर्स को अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले सीएम ने कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या-पूजन से किया और पथ विक्रेताओं का स्वागत गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर किया।कार्यक्रम में समूह नृत्य, ढोलक जुगलबंदी और कठपुतली की प्रस्तुतियां दी गई। आकर्षक प्रस्तुति पर सीएम शिवराज ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कठपुतली कलाकार नरेश भट्ट ने लघु नाटिका कठपुतली के माध्यम से प्रस्तुत की। प्रस्तुति में कोरोना काल और उसके बाद एक बड़े वर्ग को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और अन्य योजनाओं से मिले लाभ के बारे में रोचक जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कठपुतली कलाकारों को शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में उपयोग किया जाएगा। सीएम ने स्वास्थ्य शिविर लगाने की भी बात कही। पथ विक्रेताओं से सीएम ने बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्ट्रीट वेंडर्स को उनके हित लाभ की योजनाओं से लाभान्वित करें। स्वास्थ्य शिविर के साथ बहुउद्देशीय शिविर भी लगाए जाएं, जिनमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित हितग्राहियों को दिलवाना सुनिश्चित करें।

## कूनो अभ्यारण्य के बाहर 500 वर्ग किमी क्षेत्र होगा इको सेंसिटिव जोन

### बिना अनुमति नहीं काट सकेंगे पेड़



**भोपाल, एजेंसी।** देश में चीतों को फिर से बसाने के लिए कवायद जारी है। मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीकी चीतों को बसाने के लिए कई तरह की तैयारियां की जा रही हैं। अब पार्क प्रबंधन ने कूनो नेशनल पार्क के बाहर के फैले 500 वर्ग किमी के क्षेत्र को इको सेंसिटिव जोन घोषित करने की तैयारी है। अनुचित मानवीय गतिविधियों को रोकने के लिए विभाग ये कदम उठाने जा रहा है, ताकि वन्य जीवों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। इस पूरी प्रक्रिया में आसपास के क्षेत्र के करीब 51 गांव प्रभावित होंगे।प्रक्रिया को शुरू करने के लिए कुछ वक्त पहले पार्क प्रबंधन ने मसौदा तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा था। सरकार की ओर से इसे पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। नोटिफिकेशन का आदेश कलेक्टर को भेजा गया है। कलेक्टर इस पर एक महीने में दावे-आपत्ति पेश करने के लिए जिले भर में पंचायत स्तर पर सूचना चस्पा कराएंगे। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद निर्धारित क्षेत्र को इको सेंसिटिव घोषित कर दिया जाएगा। यह क्षेत्र पार्क की सीमा 748 वर्ग किमी के बाहर का होगा। इसकी जद में 51 राजस्व गांव आते हैं।कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ पीके वर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा इसमें दावे आपत्ति लेना है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। क्षेत्र के इको सेंसटिव जोन घोषित होने के बाद यहां बसे 51 गांवों में कई तरह की मानवीय गतिविधियों पर प्रतिबंध लग जाएगा। वर्तमान में जारी उत्खनन कार्य, पत्थर तो?ने वाली इकाइयों और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध लगेगा। इस तरह के किसी नए कार्य को मंजूरी नहीं मिल सकेगी। क्षेत्र में ब?ी पनबिजली परियोजनाओं की स्थापना, नई आरा मिलों, ईंट भट्टों की स्थापना और लकड़ी के ईंधन के व्यावसायिक उपयोग पर भी रोक लग जाएगी। एक किमी के दायरे में नया वाणिज्यिक होटल और रिसॉर्ट खोलने की अनुमति नहीं मिलेगी। निजी भूमि पर लगे पेड़ों को काटने की भी विभाग से अनुमति लेनी होगी।

# हमीदिया में होगी मप्र की पहली रोबोटिक सर्जरी

### आज पटना से भोपाल आएगा रोबोट, 2 सितंबर को हिप और नी-रिप्लेसमेंट से होगी सुविधा की शुरुआत

**भोपाल , यशभारत।** राजधानी भोपाल का सरकारी हमीदिया अस्पताल एमपी में नया रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। एमपी में पहली बार हमीदिया अस्पताल में शुक्रवार 2 सितंबर को रोबोट की मदद से सर्जरी की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी तैयारियां कर ली हैं। रविवार को पटना से रोबोट भी भोपाल के लिए रवाना हो गया था प्रबंधन की माने तो मंगलवार को रोबोट हमीदिया पहुंच जाएगा। इसके बाद इंजीनियर्स के जरिए इसे ऑर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंट में इंस्टॉल कराया जाएगा।

### सेंट्रल इंडिया में पहला सरकारी इंस्टीट्यूट

रोबोटिक सर्जरी शुरू करने वाला हमीदिया अस्पताल सेंट्रल इंडिया में पहला सरकारी संस्थान होगा, जहां रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिलेगी। दरअसल, गांधी मेडिकल कॉलेज में अस्थि रोग विभाग द्वारा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान इस तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

### सर्जरी टीम तैयार

हमीदिया अस्पताल में नी और हिप रिप्लेसमेंट के लिए मरीजों की जांचों से लेकर सर्जरी टीम भी सिलेक्ट कर ली गई है। करीब दो महीने से इसकी तैयारियां चल रही थीं। फिलहाल यह सुविधा ट्रॉमा एंड इमरजेंसी यूनिट की बिल्डिंग में शुरू की जाएगी। इसके बाद ईदगाह हिल्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ऑर्थोपेडिक्स तैयार होने के बाद इसे वहां शिफ्ट किया जाएगा।

### ऐसे होता है रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट

इस तकनीक में ऑपरेशन के लिए एक रोबोटनुमा मशीन कम्प्यूटर कमांड के जरिए डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करती है। कंम्प्यूटर से जुडी रोबोटिक डिवाइस के रिमोर्ट को डॉक्टर अपने हाथ में पहनकर सर्जरी करते हैं। इसमें लगे कैमरे और सेंसर रोबोट घुटने के सारे मूवमेंट और स्थिति को नोट कर उसकी थ्रीडी इमेज तैयार करते हैं। थ्रीडी इमेज के हिसाब से रोबोट ऑपरेशन का सटीक प्लान तैयार करता है। वह डॉक्टर को बताता है कि हड्डी कितनी खराब है, कितनी और किस जगह से काटनी है।

### वर्ल्ड क्लास ट्रीटमेंट और टीचिंग इंस्टीट्यूट बन रहा जीएमसी भोपाल



हमारी कोशिश है कि हमीदिया हॉस्पिटल में मरीजों को अच्छी से अच्छी उपचार की सुविधाएं मिलें। गांधी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल स्टूडेंट्स को नई तकनीक से प?ाई करने का मौका मिले। इसी परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू करने जा रहे हैं। हमीदिया में वर्ल्ड क्लास ट्रीटमेंट फेसिलिटी और गांधी मेडिकल कॉलेज को इंटरनेशनल लेवल का टीचिंग इंस्टीट्यूट बनाने के प्रयास कर रहे हैं। सर्वसुविधायुक्त बिल्डिंग में जल्दी हमीदिया, सुल्तानिया हॉस्पिटल भी शुरू हो जाएगा।

**विश्वास सारंग,**
**चिकित्सा शिक्षा मंत्री, मप्र**

## मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

**भोपाल यशभारत।** कांग्रेस विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शिवराज सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और भर्ती घोटाला मुख्य मुद्दे होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह को अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी की जिम्मेदारी सौंपी है। इस काम में पूर्व विधायक पारस सकलेचा सहयोग कर रहे हैं। विधायकों से भी भ्रष्टाचार संबंधी प्रमाणिक जानकारियां मांगी गई हैं। कांग्रेस विधायक दल ने वर्ष 2013 में शिवराज सरकार के विरुद्ध आखिरी बार अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, लेकिन इस पर सदन में चर्चा नहीं हो पाई थी। इसके पहले वर्ष 2011 में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिस पर चार दिन सदन में चर्चा हुई थी। इसके बाद अब कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसे लेकर बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। इसमें कुछ सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। उधर, पार्टी के विधायकों से कहा गया है कि वे भ्रष्टाचार से जुड़े प्रामाणिक मुद्दे दें, ताकि उन्हें अविश्वास प्रस्ताव में शामिल किया जा सके। पूर्व विधायक पारस सकलेचा भी इस काम में सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मुद्दा बनाया जाएगा। अभी तक सरकार के ऊपर तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण हो चुका है। पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 30 लाख से अधिक है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की मूल्य वृद्धि से हर व्यक्ति परेशान है। अनुसूचित जनजाति और जाति वर्ग पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं और कार्रवाई नहीं हो रही है।



## जब वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 65 साल की उम्र में दिखाया तलवारबाजी का करतब

### वायरल हुआ वीडियो

**भोपाल,ईएमएस ।** मध्यप्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में जगदीश देवड़ा तलवारबाजी की करतब दिखाते नजर आ रहे हैं, जिसे देखकर लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। 65 साल की उम्र में वित्त मंत्री ने जिस फुर्ती से तलवार घुमाकर करतब दिखाया उसे बस लोग देखते ही रह गए। तलवारबाजी की वीडियो वित्त मंत्री ने खुद अपने सोशल मीडिया में शेयर किया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं और ये वायरल हो रहा है। दरअसल वित्त मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र मंदसौर के मल्हारगढ़ नगर में प्राचीन रामदेव मंदिर में बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी और अखाड़ा भी चल रहा था। अखाड़े के कलाकार हैरतअंगेज करतब की प्रस्तुति दे रहे थे, जिसे देखकर वित्त मंत्री भी खुद को रोक नहीं सके और हाथ में तलवार थामकर लोगों के सामने तलवारबाजी पेश की। प्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के कई तरह के हुनर में पारंगत हैं। वह लाठी, तलवारबाजी और मलखंब के महारथी हैं। वित्त मंत्री अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों में नियमित अखाड़े में जाते थे, वे व्यायामशाला के सदस्य भी रहे हैं। जब भी किसी आयोजन के दौरान अखा? के करतब दिखाई देते हैं, मंत्री खुद को करतब दिखाने से रोक नहीं पाते। इससे पहले भी कई मौके पर वह ऐसे करतब पेश कर चुके हैं।चार महीने पहले भी वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने तलवार बाजी की हुनर दिखाया था। तब मंत्री मंदसौर के बंजारी बालाजी में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे थे। शिविर में महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए हथियार चलाना सिखाया जा रहा था। वित्तमंत्री विधानसभा में भ्रमण करते हुए जब शिविर में पहुंचे तो बच्चे तलवार बाजी कर कर रहे थे, उन्हें देखकर वित्त मंत्री ने भी तलवार चलाकर दिखाई थी।



## भोपाल के एक कोचिंग सेंटर में टीचर ने छात्र को पीटा

### परिजनों ने कानूनी कार्यवाई करने से किया इनकार

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल में स्थित एक कोचिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक स्टूडेंट को शिक्षक क्लास रूम के अंदर पिटाई करते दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि बच्चे पर घूंसे बरसाए जा रहें। यह वीडियो जेईई परीक्षा की तैयारी कराने वाले कोचिंग का है। जानकारी के अनुसार यह वीडियो 19 अगस्त का बताया जा रहा है। बता दें कि कोचिंग में जब दो छात्र आपस में क्लास रूम में झगड़ रहे थे। तभी एक छात्र की टीचर ने पिटाई कर दी। और वजह बताई गई कि जिस छात्र को टीचर ने मारा वो उनके सामने अन्य छात्र को गाली दे रहा था।इसे लेकर कोचिंग संचालक ने बताया कि बच्चें क्लास में आपस में बात कर रहे थे। तभी एक छात्र ने दूसरे छात्र को गाली दी। और उस समय टीचर क्लास में मौजूद थे। टीचर को जैसे ही गाली सुनाई दी उन्होंने मारना शुरू कर दिया। इस घटना के बा हमनें बच्चे के परिजनों से भी नात की।

## मप्र के 35 गांवों में गायों में दिखे लंपी बीमारी के लक्षण

### सैंपल जांच के लिए भेजे गए, मचा हड़कंप

**भोपाल, यशभारत।** राजस्थान के बाद पशुओं को होने वाली घातक बीमारी लम्पी ने मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में भी दस्तक दे दी है। जिले के खाचरोद विकासखंड के अंतर्गत आने वाले करीब 35 गांव में पशुओं के बीच में लम्पी बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। यह गांव रतलाम जिले से लगे हुए गांव हैं। यहाँ आस-पास के गांवों में पशु एक-साथ चरने के लिए भी जाते हैं। सूचना के बाद से पशु चिकित्सक और किसानों में ह?कंप मच गया है। पशु चिकित्सक भी पशुओं के इलाज के लिए जुटे हुए हैं। वही पशुओं के सैंपल लेकर जांच के लिए मुख्यालय भेजे गए हैं। जिले से अभी तक लम्पी बीमारी के कारण किसी भी पशु के मौत होने की खबर नहीं मिली है। संभव है कि एक-दो दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। उज्जैन जिले के खाचरौद तहसील के पशु चिकित्सालय के विकास खंड अधिकारी विक्रम खराड़ी ने बताया कि विकास खंड के अंतर्गत कनवास ,खाचरोद , नागदा, बनवाड़ा सहित 35 गांव में दुधारू पशुओं में लम्पी बीमारी के लक्षण देखे गए हैं। सभी गांव में एहतियात के तौर पर रखी जाने वाली सावधानी के संबंध में पशुपालकों को हिदायत दी गई है। वहीं पशुओं का इलाज भी शुरू कर दिया गया है।

### लक्षण और बचाव

पशु चिकित्सक के अनुसार पशुओं में हो रही लम्पी बीमारी के प्रमुख लक्षणों में पशुओं को बुखार आना, शरीर पर गांठे निकल आना, नाक बहना, लार गिरना, चारा व दाना-पानी खाना छोड़ देना हैं। दूध देने वाले पशुओं में दूध देने की मात्रा कम हो जाती है। यदि किसी पशु में लम्पी बीमारी से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं तो तत्काल उस संक्रमित पशु को अन्य पशुओं से अलग स्थान पर रखना चाहिए। यह ध्यान रखें कि संक्रमित पशु के पास कोई नहीं जाए। लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इस बात का ध्यान रखें कि संक्रमित पशु को जहां रखा है वहां मच्छर और मक्खी नहीं हो जिससे कि अन्य पशुओं को संक्रमण नहीं हो सके। पशुओं में लक्षण देखने के बाद डॉक्टर की सलाह से इलाज कराने पर यह बीमारी 8 से 10 दिन में खत्म होती है।

## निजी मेडिकल कालेज से निकले डाक्टर भी करेंगे एक साल अनिवार्य सेवा

**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में इलाज करने के लिए इस साल से 1000 से ज्यादा डाक्टर मिल सकेंगे। इसकी वजह यह है कि अनिवार्य सेवा बंधपत्र के तहत निजी मेडिकल कालेजों में पढ़ाई करने वाले एमबीबीएस छात्रों को डिग्री पूरी करने के बाद शासन द्वारा तय अस्पताल में जाकर एक साल तक अनिवार्य रूप से सेवा देनी होगी। इन्हें 55 हजार रुपये हर महीने सरकार की तरफ से मानदेय दिया जाएगा। वह महीने में सिर्फ एक आकस्मिक अवकाश ले सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 2017 में तय किया था कि निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस और एमडी-एमएस करने वालों को एक-एक साल की अनिवार्य सेवा देनी होगी। अब बंधपत्र की राशि जमा कर भी इससे मुक्त नहीं हो सकते। स्वास्थ्य संचालनालय ने शनिवार को 1172 डाक्टरों की पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इनमें सरकारी और निजी मेडिकल कालेज से निकले एमबीबीएस डाक्टर शामिल हैं। ये सभी 2017 बैच के हैं। इनमें करीब 700 डाक्टर निजी मेडिकल कालेजों से निकले हैं।गौरतलब है कि 2017 में प्रदेश में सिर्फ छह निजी मेडिकल कालेज थे। अब 10 मेडिकल कालेज हो गए हैं।

## यूजी व पीजी परीक्षाओं का परिणाम अब तक जारी नहीं

### कक्षाओं में पसरा सन्नाटा



**भोपाल ,यशभारत।** प्रदेश भर के कालेजों में यूजी व पीजी की कक्षाओं में विद्यार्थी नहीं आ रहे हैं। इसका कारण यह है कि यूजी प्रथम वर्ष और पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम जारी नहीं हुए हैं। प्रदेश के 10 लाख विद्यार्थियों को सत्र 2022-23 में प्रमोट होना है। सभी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रथम वर्ष की परीक्षाओं का परिणाम जारी नहीं किया गया है। कालेजों का सत्र जुलाई से शुरू हो गया है, लेकिन प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 28 जुलाई को खत्म हुई हैं। इस कारण अब तक कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा नहीं हो पाया है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने प्रथम वर्ष के रिजल्ट जारी करने के लिए सभी विश्वविद्यालयों को 15 सितंबर तक का समय दिया है, ताकि विभाग तीसरे सप्ताह से प्रमोट करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने यूजी द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। प्रथम वर्ष की परीक्षाएं नई शिक्षा नीति के तहत कराया गया। हालांकि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) ने यूजी प्रथम वर्ष की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया है। वर्तमान में यूजी व पीजी के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए छठवें चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही है। वहीं, विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष की परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन कराने में जुटा है। यूजी तीसरे वर्ष के रिजल्ट आने के कारण विद्यार्थी पीजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश ले चुके हैं।

## सीएम शिवराज की दरियादिली

# एक ट्वीट पर की दो साल के मासूम के इलाज की व्यवस्था

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अगर प्रदेश के भांजे-भांजियों से हर कदम पर साथ निभाने का वादा करते हैं, तो निभाते भी हैं। बात शिक्षा की हो, स्वास्थ्य की हो या फिर किसी चुनौती की। मध्यप्रदेश के बच्चों के च्मामा शिवराजज् हर कदम उनके साथ खड़े दिखाई देते हैं। खरगोन का रहने वाला दो साल का मासूम त्रुवांशु बोलने और सुनने में असक्षम है। त्रुवांशु के पिता की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं कि वो बेटे के इलाज का पूरा खर्च उठा सकें।त्रुवांशु के पिता को जब इलाज के लिए पैसों का इंतजाम होता नजर नहीं आया तो उन्होंने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री से मदद गुहार लगाई। उन्होंने स्थानीय व्यक्ति की मदद से प्रदेश के मुखिया श्री चौहान को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी और इलाज के लिए अपनी असमर्थता से अवगत कराया। फिर क्या था मामा शिवराज ने तत्काल बच्चे के पिता से बात की और ऑपरेशन के लिए छह लाख 48 हजार रुपए की राशि जारी की। अगले हफ्ते बच्चे का ऑपरेशन होगा। सीएम चौहान ने त्रुवांशु के अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। त्रुवांशु खरगोन जिले के सेगांव तहसील के कंचनपुरा गांव के रहने वाले लोकेश कन्नौजे का बेटा है। कालू कुमार कन्नौजे नाम के व्यक्ति ने बच्चे की सेहत और उसके पिता की आर्थिक स्थिति के विषय में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को ट्वीट किया था। मुख्यमंत्री ने जानकारी मिलते ही मामले को संज्ञान में लिया और पिता लोकेश कन्नौजे से बात की। बच्चे की स्क्रीनिंग अरविंदो हॉस्पिटल में कराई गई। मुख्यमंत्री ने खरगोन जिले के सीएमएचओ से इस विषय में चर्चा की और अगले हफ्ते का समय त्रुवांशु के कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए तय किया गया। त्रुवांशु की सर्जरी के लिए 6 लाख 48 हजार रुपए की राशि बाल श्रवण योजना के तहत जारी की गई है। त्रुवांशु के पिता ने बताया कि उन्होंने अपने दोस्तों के जरिए अपनी परेशानी मुख्यमंत्री तक ट्वीट के जरिए पहुंचाई थी। सीएम ने उनके बेटे के इलाज के लिए राशि जारी की है। लोकेश ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को इसके लिए धन्यवाद दिया है। अब उनका बेटा बोल और सुन सकेगा।






### विपत्ति में साथ खड़े होते हैं संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री चौहान

पहले भी ऐसे मौके आए हैं, जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगे बढ़कर प्रदेशवासियों की मदद की है। एक गुहार पर उन्होंने कठिन से कठिन मुश्किल का हल निकाला है। हाल ही में अतिवर्षा के बाद प्रदेश में उत्पन्न हुई विकट परिस्थिति में मुख्यमंत्री चौहान ने रात भर जग कर, खुद बाढ़ के पानी में उतरकर लोगों को आश्वस्त किया कि वे सिर्फ एक मुख्यमंत्री ही नहीं बल्कि सात करोड़ प्रदेशवासियों के परिवार के मुखिया हैं। वो संवेदनशील मुखिया, जो परिवार के एक भी सदस्य पर आई मुश्किल को अपनी परेशानी समझकर हल निकालता है। खाने की, शिक्षा की, स्वास्थ्य की, रोजगार की हर बाधा दूर करने के लिए तत्पर रहता है। जिसके लिए मध्यप्रदेश ही मंदिर है और यहां रहने वाली सात करोड़ जनता भगवान है।

# एसीसी दशहरा मेले पर इस बार रहेगी मंहगाई की मार

## 5 लाख से शुरू होगी झूला ग्राउंड की नीलामी, 9X18 फुट की एक दुकान का किराया 5500

**कैमोर,यशभारत।** कैमोर में दो साल के अंतराल के बाद एक बार फिर ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव मनाये जाने की हरी झंडी मिल जाने के बाद अब इस महोत्सव की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मुख्य दशहरा उत्सव कमेटी को सहयोग प्रदान करने वाली विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। दशहरे का विशेष आकर्षण रहने वाले रावण के विशाल पुतले का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। एसीसी रामलीला मैदान के भीतर लगने वाली दुकानों के सशुल्क आवंटन से लेकर बाहर झूला मैदान की नीलामी की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है। इस बार मेला ग्राउंड की नीलामी की बेसिक प्राइज 5 लाख निर्धारित है। वहीं मैदान के भीतर 9 गुणित 18 फुट के दायरे में लगने वाली दूकानों और स्टाल का किराया 5500 रुपये प्रति दुकान रखा गया है। जगह के अलावा किलोवॉट भार के हिसाब से बिजली का अतिरिक्त शुल्क भी दुकानदारों को देना होगा। एसीसी दशहरा उत्सव कमेटी द्वारा दुकानों और झूला ग्राउंड की इन दरों को देखते हुए यह तय है कि इस बार दशहरा उत्सव में मंहगाई का जबरजस्त असर देखने को मिलेगा। गरीब परिवार तो अपने बच्चों को झूला मैदान में लाने से भी कतराएंगे।

गौरतलब है कि अपनी विशिष्ट आकर्षक शैली, तकनीकी दक्षता और रावण के विशालकाय पुतले के कारण एसीसी कैमोर का दशहरा महोत्सव दूर-दूर तक विख्यात है। दशहरा की शाम रामलीला मैदान में होने वाली रंगारंग आतिशबाजी और पुतला दहन का नज़ारा देखने न केवल कटनी जिला बल्कि पड़ोसी जिलों से भी हजारों की संख्या में दर्शक यहां पहुंचते हैं। दशहरे के लगभग एक पखवाड़े पहले से ही यहां दशहरे की रौनक दिखाई देने लगती है। एसीसी रामलीला मैदान में बने मंच से रामलीला का मंचन शुरू हो जाता है। पूरा रामलीला मैदान विद्युत की रंगीन रौशनियों से सजा दिया जाता है। मैदान में एक ओर तरह तरह के व्यंजनों के स्टाल लगे होते हैं वहीं तरह तरह की वस्तुओं की दुकानें भी देश कोने कोने से आती हैं। रामलीला मैदान के बाईं ओर सन्डे मार्केट से लगा एक विशाल मैदान है जिसे लोग झूला ग्राउंड या प्रदर्शनी मैदान के रूप में जानते हैं। इस मैदान में छोटे बड़े दर्ज़नो झूले, मिकी माउस, मैजिक शो, मौत का कुआं जैसे कई रोचक और मनोरंजक खेल आते हैं। क्राकरी से लेकर परदे और मखमली कपड़ो की दुकानें भी लगती हैं। रामलीला मैदान से भी ज्यादा भीड़ मेला ग्राउंड में रहती है। शाम होते ही कैमोर के लोग सपरिवार रामलीला मैदान पहुंचने लगते हैं। कोई बच्चों को उनकी पसंद के झूले



झुलाता है तो कोई अलग अलग प्रदेशों से आये स्टालों पर पहुंचकर व्यंजनों का स्वाद लेता है। महिलाएं भी अलग अलग दुकानों में अपनी पसंद की वस्तुओं की खरीदारी करती रहतीं हैं। सैर सपाटे और मनोरंजन का यह दौर दशहरे के 15 दिन पहले से शुरू होकर दशहरे के तीन-चार दिन बाद तक चलता रहता है। दशहरे के बाद यहां तीन चार दिन बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। बताया गया कि दशहरा उत्सव के दौरान यहां लगने वाले झूलों, मनोरंजक खेलों और खान-पान की वस्तुओं की कीमत किराये की दर के अनुपात में निर्धारित की जाती है। पहले एक से दो लाख तक में झूला मैदान की नीलामी हो जाती थी तब झूले वाले एक बार का 10 रुपये वसूल करते थे। जैसे जैसे झूला मैदान की नीलामी की दर बढ़ती गई वैसे वैसे झूले की दरें भी बढ़ती गई। इस बार झूला ग्राउंड की बोली 6 से 7 लाख तक जाने का अनुमान है। ऐसे में इस बार झूले में एक बार झूलने का टिकट 40 से 50 रुपये तक हो सकता है। रामलीला मैदान के भीतर लगने वाली दूकानों से भी किराया और विद्युत शुल्क के नाम पर 6 से 7 हजार वसूल किये जाने की तैयारी है। कई दुकानदारों को तीन चार दुकानें एक साथ लेनी पड़ती है जिन्हें 25 से 28 हजार तक कि चपत लग सकती है। नगरवासियों ने एसीसी दशहरा उत्सव कमेटी के चेयरमैन तथा डायरेक्टर प्लांट से आग्रह किया है कि झूला मैदान और दुकानों के किराए में कुछ कमी करके आम लोगों को राहत पहुंचाई जाये ताकि दो साल से दशहरा उत्सव के आनंद से वंचित लोग इस बार इस उत्सव का भरपूर आनंद उठा सकें।

## संत बाबा आत्माराम साहब जी का बरसी महोत्सव कल

**कटनी,यशभारत।** सरूप सुंदर धाम बंगला लाइन माधव नगर कटनी में 31 अगस्त दिन बुधवार को संत बाबा आत्माराम साहिब जी का वर्सी महोत्सव नये स्वरूप में निर्मित बाबा आत्मा दरबार में वर्तमान



गद्दी नशीन सह गोपालदास साहिब जी के सानिध्य में भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया जायेगा। समाजसेवी वरंद चांदवानी की विज्ञप्ति अनुसार वर्सी महोत्सव के उपलब्ध में दिनांक 31 अगस्त, बुधवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ देव कन्याओं व मातृशक्ति द्वारा शुभारंभ किया जायेगा। इस पाठ का दोपहर 12 बजे भोग एवं गुरूदेवों की आरती अरदास के पश्चात फल प्रसाद का वितरण होगा। इसी कड़ी में इसी दिन सायंकाल 7 से 9 बजे तक बजरंग बाल रामायण समाज कटनी द्वारा श्री हनुमान जी के सुंदर काण्ड का पाठ एवं प्रभु श्रीराम व धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी एवं 10 बजे प्रभु जी की आरती अरदास के पश्चात् प्रसाद वितरण के साथ बाबा जी के वर्सी महोत्सव का समापन कार्यक्रम होगा।

## 31 अगस्त तक सभी नर्सिंग होम का होगा निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि आगामी एक माह में अभियान चलाकर प्रदेश के समस्त नर्सिंग होम का निरीक्षण किया जाए। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये हैं कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी नर्सिंग होम का निरीक्षण हो और प्रावधान अनुसार नर्सिंग होम संचालित हों। प्रदेश में स्थापित समस्त पंजीकृत निजी नर्सिंग होम के लिये जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनुज्ञापन प्राधिकारी बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि विगत दिनों नर्सिंग होम स्थापना में हुई अग्नि दुर्घटना की परिप्रेक्ष्य में यह अत्यंत आवश्यक है कि सभी नर्सिंग होम में अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपाय किये जाएँ। निरीक्षण दल में आवश्यकतानुसार स्थानीय निकाय तथा विद्युत सुरक्षा से संबंधित अधिकारी भी शामिल किए जाएँ। निरीक्षण दल 10 अगस्त से पहले गठित कर लिए जाएँ, जिससे 31 अगस्त तक सभी नर्सिंग होम का निरीक्षण हो सके। निरीक्षण दलों की संख्या जिले में पंजीकृत नर्सिंग होम की संख्या के आधार पर तय की जाएँ। यह दल एक दिन में अधिकतम 2 नर्सिंग होम का निरीक्षण कर प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को

### यूथ कटनी द्वारा अमृत महोत्सव के अवसर पर सरस्वती विद्यालय में हुआ आयोजन

## विविध कला स्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**कटनी,यशभारत।** नगर की समाजसेवी संस्था यूथ कटनी द्वारा युवाओं में प्रतिभा निखारने के लिए उन्हें बेहतर मंच प्रदान किया जाता है। युवाओं मैं देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर संस्था द्वारा कला कौशल से संबंधित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन गत दिवस किया गया, जिसमें मेहंदी, रंगोली, कुकिंग, बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट और राखी बनाओ प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिताओं का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।





कार्यक्रम की संयोजिका एवं संस्था अध्यक्ष अनु शशांक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यस्थापक चन्द्र प्रकाश बरसैया रहे। सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य पुरषोत्तम माली, आचार्य बबिता दत्ता एवं आचार्य शक्ति तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन शालनी सोनी द्वारा किया गया। बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में छवि निषाद ने प्रथम स्थान, सागर खटीक प्रणव अग्रवाल ने द्वितीय स्थान आदित्य तिवारी, आयुष तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी प्रतियोगिता में स्वामी कुशवाहा ने प्रथम स्थान सोनिया द्विवेदी ने द्वितीय स्थान और यशिका चंदवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया रंगोली प्रतिस्पर्धा में सौम्या जैन ने प्रथम स्थान महक निषाद ने द्वितीय स्थान और यशिका चंदवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में राधिका राजपूत ने प्रथम स्थान शालिनी निषाद ने द्वितीय स्थान और आकांक्षा वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में नैना साहनी ने प्रथम स्थान रश्मि साहू ने द्वितीय स्थान एवं दीपाली चंदवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुकिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्णिमा ने प्रथम स्थान हर्ष यादव ने द्वितीय स्थान और सानिया सोनी, अनोखी सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में अनुपमा सिंह ललिता गट्टानी, रेनू गट्टानी सुश्री रजनी वर्मा, अर्चना पुरवार, ममता पटेल, रश्मि बघेल, जयश्री मित्तल, अनामिका श्रीवास्तव शांभवी श्रीवास्तव, श्रीमती सर्जना कंदेले, हंसा खंडेलवाल, अनीता वैश्य रूबी बरसैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजक ग्रुप में आयोजक मंडल पूनम अग्रवाल, सीमा लहरिया, प्रीति राय प्रीति तिवारी, रंजना गुप्ता, नंदिनी गुप्ता वंदना सोनी, नीलिमा असौडिया कविता कनकने और आरती राय का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय, वार्डस्ले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैन स्कूल, शासकीय कन्या महाविध्यालय सहित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी भाग लिया । कार्यक्रम में यूथ कटनी के सदस्य सुनीता चौदह, दीपाली गुप्ता, मंजुला गुप्ता, उमा भगेरिया, शिवाली गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, किटी गुप्ता, नीतू गुप्ता, वंदना सोनी, रोशनी टीपा, आकांक्षा बरसैन्या, नीलिमा असौड़िया, पूनम अग्रवाल, नंदिनी गुप्ता, शोभना खमपरिया, रोशनी टीपा, नीतू गुप्ता दीपाली गुप्ता, किटी गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, शिवाली गुप्ता, मंजुला गुप्ता, शालिनी गुप्ता, प्रीति तिवारी, संगीता जयसवाल, संगीता मेघानी, हेमा बगड़िया, अनिता जैस्वामी और शिल्पी सोनी की उपस्थिति रही। आगामी दिवसों में युथ कटनी संस्था द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता फ्लावर डेकोरेशन कार्ड मेकिंग चित्रकला प्रतियोगिता नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## लखनवारा में चोरी की बिजली से चल रहा था बीड़ी कारखाना

### विद्युत विभाग ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई


**कटनी,यशभारत।** बिजली चोरी करने वालों व उपभोक्ताओं के द्वारा विद्युत बिल समय पर जमा नहीं करने पर बिजली विभाग द्वारा वसूली के लिए जहां शिविर लगाए जा रहे हैं तो वही चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पिछ्ले एक सप्ताह में विद्युत विभाग ने 1 सैकड़ा से अधिक घरों दुकानों पर छापा डालकर बिजली चोरी करते हुए पाए गए लोगों पर कार्यवाही की है। स्लीमनाबाद जेई ने बताया कि ग्राम लखनवारा में विद्युत वसूली शिविर लगाया गया था। गांव के 153 विद्युत उपभोक्ताओं से 3 लाख 42 हजार रुपए बकाया राशि थी, जिसकी वसूली की जा रही थी। वसूली के दौरान ही लोगों ने बताया कि गांव के ही कुछ दबंगों के द्वारा विद्युत की चोरी की जा रही है। मौके पर स्लीमनाबाद व तेवरी की विद्युत विभाग टीम ने संयुक्त रुप से ग्राम लखनवारा में छापामार कार्यवाही की। जिस पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के घर में विद्युत चोरी के मामले सामने आए। ग्राम लखनवारा के बीड़ी ठेकेदार राममिलन जायसवाल के द्वारा अवैध रूप से लाइट का उपयोग किया जा रहा था और बीड़ी की भट्टी के माध्यम से सिकाई की जा रही थी। जिस पर विद्युत विभाग ने 92 हजार 720 रुपये की चालानी कार्यवाही की। वही गंगाराम जायसवाल चोरी से आटा चक्की चला रहा था। लोकचंद जायसवाल का मीटर बंद पाया पाया गया और साथ ही लोड अधिक मिला। अशोक रजक चोरी की बिजली से सिंचाई करते हुए पाया गया। विद्युत चोरों के खिलाफ विद्युत विभाग की धारा 135/126 के तहत कार्यवाही की गई।



### जल संरक्षण पर विशेष जोर दे रहा नगर निगम

## संकटकाल के लिए खदानों में सहेजा जा रहा बारिश का पानी

**कटनी,यशभारत।** ग्रीष्म त्रतु में नगर की सुचारू पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिहं धाकरे के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति एवं भूमिगत जलस्तर में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए कटनी नदी के अतिरिक्त वर्षा जल को खदानों में भेजकर जल संरक्षण का कार्य निरंतर जारी है। जल प्रदाय विभाग नगर निगम कटनी द्वारा बताया कि विगत दिवसों हुई वर्षा के कारण वर्तमान में बैराज का जलस्तर बढ़ गया है। ग्रीष्म ऋतु में नगर की सुचारू पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विगत एक सप्ताह पूर्व ही बैराज एवं



एनीकट मे 65 हॉर्स पावर की मशीनें स्थापित की जाकर कटनी नदी के अतिरिक्त वर्षाजल को जागृति पार्क स्थित विश्वकर्मा खदान में भेजा जाकर जल संरक्षण का कार्य निरंतर जारी है। खदानों में पर्याप्त मात्रा मे जल उपलब्ध होने से ग्रीष्म ऋतु में आवश्यकतानुसार जल संकट से निपटने हेतु यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा तथा आवश्यकता पडने पर उक्त खदानों का पानी फिल्टर हाउस तक पहुंचाकर फिल्टर करनें के पश्चात सुचारू पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए पात्र हितग्राही परिवारों की तैयार हो रही सूची

### निगमायुक्त ने किया वार्डवार दल का गठन

**कटनी,यशभारत।** म0प्र0 शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिन पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, ऐसे छूटे हुए पात्र परिवारो के सदस्यों को स्थानीय निकायों के अमले के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अधिसूचित 27 प्राथमिकता परिवार श्रेणी में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सम्मिलित कर लाभान्वित किया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें शासन निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक वार्ड हेतु सहा.रा.निरी.एवं वार्ड दरोगा सहित पर्यवेक्षकों के दल का गठन किया जाकर वार्ड में अधिसूचित 27 प्राथमिकता परिवार श्रेणियों के छूटे हुये पात्र सदस्यो की अभियान चलाकर जांच करने हेतु दल के अधिकारी कर्मचारियों को आदेशित किया है। जांच के दौरान ऐसे सदस्य जो वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत लाभान्वित नही हो पाये है उनसे समग्र परिवार आई.डी, सदस्यों के आधार कार्ड, प्राथमिकता श्रेणी में होने का दस्तावेज, प्रमाण पत्र मोबाइल नंबर एवं स्पष्ट पता प्राप्त कर पंजी रजिस्टर संधारित करते हुये पंजीयन शाखा में उपस्थित होकर एम राशन मित्र पोर्टल पर निर्धारित समयसीमा में प्रविष्टि कराने के निर्देश प्रदान किए है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साइज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## प्रोफेसर और विद्यार्थी के बीच फ्रेन्डली क्रिकेट मैच

**कटनी,यशभारत।** 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्रोफेसर एकादश और विद्यार्थी एकादश के बीच फ्रेन्डली क्रिकेट मैच खेला गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. खरे के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बधाई दी और खेलों को अपने जीवन में विशेष स्थान देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर एकादश के कप्तान धीरज कुमार और विद्यार्थी एकादश के कप्तान श्रयान्शु त्रिपाठी थे। प्रोफेसर एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 7 विकेट पर 67 रन बनाए। प्रोफेसर एकादश की तरफ से डॉ. ज्ञानेन्द्र मोहन और डॉ. राहुल मौर्या के द्वारा अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थी एकादश की तरफ से रिषभ ने अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। विद्यार्थी एकादश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 विकेट खोकर 10 ओवर में जीत हासिल की। विद्यार्थी एकादश की तरफसे आशीष दुबे और दीपू गौड़ ने अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। कटनी जिले के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय/अशासकीय/स्वा.वित्तीय महाविद्यालयों में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कटनी जिले के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया और भारतीय खेल के इतिहास में उनके योगदान को सभी को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयों में मिनी मैराथन, शतरंज, टेबल टेनिस, गोला फेक, बैडमिंटन, कैरम, दौड़ और कबड्डी का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को एक समावेशी और फिट समाज के लिए प्रति दिन एक घंटा खेल गतिविधि में देने के लिए प्रेरित किया गया।



## अवैध शराब के ठिकानों पर आबकारी अमले की दबिश

**कटनी,यशभारत।** मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण रोकथाम को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आरके बघेल के निर्देशन में कार्रवाई की जा रही है। आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक-2 की टीम ने खिरहनी गांव तेलियनपार में दबिश दी। टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 915 किलोग्राम महुआ लाहन व 22 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। टीम ने 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 1 क एवं च के पंजीबद्ध किए। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर उसे नष्ट किया गया। जब्त लाहन तथा मदिरा की अनुमानित 49,000 रूपये है।




# एशिया कप 2022 का तीसरा मुकाबला आज

## बांग्लादेश की टीम के सामने अफगानिस्तान की चुनौती

**नई दिल्ली, ईएमएस।** संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में खेले जा रहे एशिया कप 2022 का तीसरा मुकाबला आज शारजाह के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। अभी तक दोनों मैच दुबई में खेले गए थे। ये सीजन का पहला मैच है, जो शारजाह के छोटे से मैदान पर आयोजित होगा। बांग्लादेश की टीम के सामने अफगानिस्तान की चुनौती होगी। अफगान टीम ने श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की थी। ऐसे में ये मैच रोमांचक होने वाला है। बांग्लादेश की टीम अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि अफगानिस्तान की टीम का हौसला सातवें आसमान पर होगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के पास इस टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार है। शाकिब अल हसन की कप्तानी वाली बांग्लादेश की टीम की बात करें तो इस टीम ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अफगानिस्तान की टीम भी अच्छी लय में है। हालांकि, टीम आयरलैंड के खिलाफ सीरीज हारकर यहां पहुंची है।

अफगानिस्तान ने बल्ले और गेंद दोनों से श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाया था और टीम ने एक बार फिर दिखाया कि वे वास्तव में सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन कने की ताकत रखते हैं। एक समय श्रीलंका का स्कोर 75/9 था, जिसमें राशिद खान ने एक भी विकेट नहीं लिया था। टीम 105 रन बना सकी थी, लेकिन राशिद खान हाथ लौटे थे। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 12 रन ही दिए थे और दबाव के कारण श्रीलंका की टीम विकेट खोती रही। बता दें कि अगर अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश को इस मैच में छोटे-मोटे अंतर से जीत मिल भी जाती है तो भी अफगानिस्तान की टीम का सुपर 4 तक पहुंचना तय माना जा रहा है, क्योंकि मोहम्मद नबी की कप्तानी वाली टीम का नेट रन रेट +5.176 है और उसे सुपर 4 में पहुंचने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। हालांकि, बांग्लादेश और श्रीलंका में से कौन आगे जाएगा, ये देखने वाली बात होगी।

# सोनाली अच्छी इंसान थी, बिग बॉस में मुझे लेकर काफी ज्यादा प्रोटेक्टिव थीं : अर्शी खान



मुंबई एजेंसी। भाजपा नेत्री और टीवी के रियलटी शो बिग बॉस 14 की प्रतिभागी रही सोनाली फोगाट की संदिग्ध मौत ने उनके तमाम चाहने वालों के दिल तोड़ दिए हैं। सोनाली फोगाट के अचानक यूं चले जाने से हर कोई हैरान और परेशान है, क्योंकि सोनाली की मौत के बाद लगातार कई नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। उनकी मौत को मर्डर केस की तरह इंवेस्टिगेट किया जा रहा है और अब तक मामले में 5 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इस बीच सोनाली की मौत पर अभिनेत्री अर्शी खान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**दरअसल,** पहले ऐसी खबरें सामने आईं कि सोनाली फोगाट का निधन हार्ट अटैक से हुआ है, लेकिन बाद में खुलासे हुए पुलिस ने मर्डर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सोनाली का परिवार हत्या और साजिश की बात कहकर सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। अब अर्शी खान, जो बिग बॉस में सोनाली के साथ दिखी थीं उन्होंने भी सोनाली के लिए न्याय की मांग की है। एक बातचीत में अर्शी ने कहा- सिर्फ बिग बॉस में ही नहीं, बल्कि बाद में भी हम दोनों ने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है। हमने एक दूसरे के साथ काफी टाइम स्पेंड किया है। उन्होंने मुझे एक मां की तरह पैंपर किया है। वे अक्सर कहती थीं- तू उम्र में बड़ी है, हरकतों में नहीं। मैं जब भी शूट के लिए जाती थी, तो वो मेरा हाल पूछती थीं। वो मुझे लेकर काफी ज्यादा प्रोटेक्टिव थीं। रेस्टोरेंट से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दावा किया गया है वीडियो में लड़खड़ाते हुए दिख रही महिला सोनाली फोगाट हैं। इस वीडियो पर अर्शी ने कहा- बीते कुछ दिनों में हमारी कम ही बात हुई। वायरल वीडियो देखकर मैं सच में डर गई हूं। मैं श्योर नहीं हूं कि ये वही हैं। लेकिन मेरी अंतरात्मा अपराधी को कोस रही है। अर्शी ने आगे कहा- अपराधी कानून से बच नहीं सकता। मुझे ऐसा लगता है कि मैंने अपने किसी करीबी को खो दिया है। मैं काफी निराश और परेशान हूं। यकीन मानिए वह इतनी खूबसूरत इंसान थीं कि अगर वे उनसे पैसे मांगते तो वह उन्हें आसानी से दे देतीं। फिर उन्हें मारना क्यों था? मुझे यकीन है कि इसके पीछे कोई बड़ी बात है। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें इंसाफ मिले। गोवा पुलिस ने एक सीसीटीवी फुटेज जब्त किया है, उसमें सुधीर सांगवान बोतल से सोनाली को कुछ पिलाता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन टिक टॉक स्टार बार-बार उसे रोक रही हैं, वो पदार्थ पीने से बच रही हैं। अब पुलिस को शक है कि ये पदार्थ एमडीएमए ड्रग है जो सोनाली को दिया जा रहा है। इस बात की पुष्टि करने के लिए केमिकल जांच करवाने की बात कही जा रही है। सोनाली फोगाट की बात करें तो उन्होंने साल 2019 में हरियाणा चुनाव में बीजेपी की टिकट पर आदमपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। चुनाव के दौरान वो टिकटॉक पर अपने वीडियोज के लिए भी काफी फेमस थीं। सोनाली सलमान खान के मोस्ट फेमस रियलिटी शो बिग बॉस 14 का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने सलमान के शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री की थी। कम ही दिनों में अपनी दमदार शख्सियत और ग्लैमरस अंदाज से सोनाली ने हर किसी के दिलों को जीत लिया था।



## 'इश्क' और 'फना' के बाद काजोल संग फिर दिखेंगे आमिर खान, इस फिल्म की शूटिंग पूरी

**मुंबई, , ईएमएस।** अपनी पिछली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार मुसीबत झेल रहे अभिनेता आमिर खान की अगली फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म में आमिर अपनी खास मित्र काजोल के साथ परदे पर तीसरी बार नजर आने वाले हैं। आमिर खान और काजोल इसके पहले 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'इश्क' और 2006 में रिलीज हुई फिल्म 'फना' में नजर आ चुके हैं। काजोल और आमिर खान की इस नई फिल्म का इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन वर्क तेजी से चल रहा है लेकिन फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर जिस तरह आमिर को सोशल मीडिया पर विरोध झेलना पड़ा है, उसके चलते इस फिल्म के निर्माताओं के हाथ पांव फूले हुए हैं।

**सलमान के साथ किया डेब्यू-** हिंदी सिनेमा में सलमान खान के साथ फिल्म 'लव' में साल 1991 में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री रेवती ने बतौर निर्देशक काजोल और आमिर खान की ये फिल्म बनाई है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम सिनेमा की प्रतिष्ठित अभिनेत्री रहीं रेवती ने हिंदी सिनेमा में बतौर अभिनेत्री 'रात', 'मुस्कुराहट', 'धूप', 'डरना मना है', 'अब तक छप्पन', 'निशब्द', और '2 स्टेट्स' जैसी चर्चित फिल्में की हैं। हाल ही में रिलीज हुईं फिल्म 'मेजर' में वह शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की मां के किरदार में नजर आईं थीं।

**आमिर, काजोल की फिल्म 'सलाम वेंकी'-** फिल्म 'मेजर' में एक शहीद की मां बनी रेवती ने अलग अलग श्रेणियों में अब तक तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते हैं। बतौर निर्देशक वह अंग्रेजी और मलयालम में एक एक और हिंदी में तीन फिल्में बना चुकी हैं। साल 2002 में फिल्म 'मित्र माई फ्रेंड' से निर्देशन में कदम रखने वाली रेवती ने हिंदी में साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'फिर मिलेंगे' का निर्देशन किया। बतौर निर्देशक उनकी पिछली फिल्म साल 2010 में 'मुंबई कटिंग' के नाम से रिलीज हुई थी और अब जो वह फिल्म बना रही हैं, उसका नाम है 'सलाम वेंकी'।

## लंदन में मिस्ट्री गर्ल के साथ डेट पर गए शुभमन गिल? लोग ले रहे सारा का नाम



**लंदन एजेंसी।** भारत के नए स्टार शुभमन गिल इन दिनों इंग्लैंड में हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के बाद वह काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए वहां गए हैं। शुभमन की बल्लेबाजी की तरह ही उनके लव लाइफ बातें सोशल मीडिया पर लगातार होती रहती हैं। जिम्बाब्वे में उन्होंने शानदार शतक लगाया था। उसके बाद से उन्हें अगला विराट कोहली कहा जाने लगा है। शुभमन लंदन में एक मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुभमन लंदन में बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के साथ नजर आए। दोनों को एक रेस्त्रां में देखा गया। सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि शुभमन लंदन में सारा के साथ डेट पर गए हैं।शुभमन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था कि वह भविष्य के प्रति वफादार हैं, पिछले दिनों के लिए नहीं। शुभमन और दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के बीच रिलेशन की खबरें कई बार सामने आईं। हालांकि, दोनों ने कभी भी इसकी पुष्टि नहीं की। शुभमन के इस पोस्ट से यह अंदाजा लगाया जाने लगा कि सारा के साथ उनका ब्रेकअप हो चुका है। उन्होंने सारा के साथ कथित डेट के बाद यह संदेश दे दिया है कि वह जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अब वह लंदन में सारा अली खान के साथ नजर आए। सारा अली खान का नाम शुभमन गिल से पहले कई मशहूर हस्तियों के साथ जुड़ चुका है। उन्होंने दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के डेब्यू किया था। उसके बाद से यह कहा जा रहा था कि दोनों रिलेशन में हैं। हालांकि, इस बारे में दोनों ने कभी भी कुछ नहीं कहा।सुशांत के बाद फिल्म लव आज कल के दौरान उनकी नजदीकियां कार्तिक के साथ बढ़ गईं। दोनों के बीच रिलेशन के काफी चर्चे हुए। अब दोनों अलग हो चुके हैं। सुशांत और कार्तिक के अलावा सारा का नाम ईशान खट्टर, हर्षवर्धन कपूर और वीर पहाड़िया के साथ भी जुड़ चुका है।



## सपना चौधरी का नया गाना लव यू गोरी रे हुआ रिलीज, गांव की सीधी सादी छोरी बन जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** हरियाणवी डांसिंग क्वीन सपना चौधरी जहां एक तरफ इन दिनों अपने कानूनी पचड़ों के कारण चर्चाओं में हैं, वहीं दूसरी तरफ वह लगातार अपने नए-नए गाने रिलीज कर रही हैं। अक्सर अपने ठुमकों से सबका दिल जीतने वाली सपना की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। डांसर के फैंस उनके गानों के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। देसी क्वीन सपना अपने फैंस के लिए आए दिन नए-नए गाने भी रिलीज करती रहती हैं, जिनमें उनका अलग-अलग अंदाज दर्शकों को देखने मिलता है। इसी क्रम में डांसिंग क्वीन ने अपने फैंस के लिए एक नया गाना लव यू गोरी रिलीज कर दिया है, जिसमें सपना गांव की सीधी-सादी छोरी बन लोगों का दिल लूटती नजर आ रही हैं। सपना चौधरी को उनके ज्यादातर गानों में आपने जबरदस्त लटके झटके ही मारते देखा जाता है। पिछले दिनों रिलीज हुए गाने बंदूक का रिवाज में भी सपना जहां बंदूकों की गोलियों पर ठुमके लगाती नजर आ रही थीं, वहीं अपने इस नए रिलीज हुए गाने में डांसर को गांव की छोरी के अवतार में देखा जा सकता है। सपना चौधरी अपने इस गाने में बेहद ही सिंपल लुक में नजर आ रही हैं। लेकिन हमेशा की तरह सपना सिंपल लुक में भी कमाल लग रही हैं। लव यू गोरी रे गाने में भी सपना का देसी अंदाज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। सपना चौधरी पर फिल्माए इस गाने को नोनू राणा ने अपनी आवाज दी है। सपना चौधरी ने लव यू गोरी रे के रिलीज होने की जानकारी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर दी है। सपना ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, प्यारे प्यारे लोगों के लिए ये प्यारा सा गीत लव यू गोरी रे......गाने को अपना भरपूर प्यार दें। सपना इस म्यूजिक वीडियो में खेतों में ट्रैक्टर की सवारी करती दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा वह कई जगह पर डांस करती भी दिख रही हैं। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। लव यू गोरी रे में सपना चौधरी के साथ हरजीत दीवाना ने अभिनय किया है और इसके लिरिक्स मोनू शर्मा ने लिखे हैं।

## IND-PAK मैच देखने पहुंचीं उर्वशी रौतेला ट्रोल, लोग बोले- ऋषभ पंत को देखने आई हैं!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने 'Ask Me Anything' सेशन में एक बार कहा था कि वह क्रिकेट नहीं देखती हैं। एक यूजर द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि मैं क्रिकेट बिलकुल भी नहीं देखती। मैं किसी क्रिकेटर को जानती भी नहीं लेकिन सचिन सर और विराट सर की बहुत रिस्पेक्ट करती हूं। हालांकि अब वह हाल ही में भारत-पाकिस्तान का मैच देखने पहुंच गईं तो लोगों ने उन्हें जमकर ट्रोल किया। उर्वशी रौतेला का ये कहना कि वह किसी भी क्रिकेटर को नहीं जानती हैं, उस वक्त भारत में मौजूद क्रिकेट के दीवानों का दिल दुख गया था। अब वह हाल ही में भारत-पाकिस्तान का मैच स्टेडियम में बैठकर एन्जॉय करती नजर आईं। उर्वशी रौतेला ने खुद वो तस्वीर अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है जिसमें वह स्टेडियम में बैठकर मैच देखती नजर आ रही हैं।



## इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल्स में शूटर सत्यार्थ का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** छठवीं इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल्स में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर के राइफल शूटर सत्यार्थ पटेल ने 10 मीटर यूथ मेन केटेगरी में तृतीया स्थान प्राप्त कर संस्कारधानी को गौरवान्वित किया। भोपाल में आयोजित हो रही इस स्पर्धा में सत्यार्थ क्वालिफिकेशन राउंड में 625.5 स्कोर अर्जित कर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया तथा फाइनल राउंड में 261. 2 स्कोर अर्जित कर तृतीया स्थान पर अपनी जगह बनाई। ज्ञात हो की विगत दिनों समपन्न हुई पांचवीं सिलेक्शन ट्रायल्स में भी सत्यार्थ यूथ मेन केटेगरी में पांचवे स्थान पर थे। पांचवी और छठवीं ट्रायल में शानदार प्रदर्शन के बाद सत्यार्थ की यूथ मेन केटेगरी में इंडिया के शीर्ष 10 राइफल शूटर्स में आने की सम्भावना बढ़ गयी है। 4 वर्षों से सत्यार्थ गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी में कोच श्री निशांत नाथवानी से प्रशिक्छण प्राप्त कर रहे हैं।

## ट्रोल्स पर फूटा अंजलि अरोड़ा का गुस्सा, वीडियो शेयर कर बोलीं- दुश्मनों को यही खल रहा है कि...



**मुंबई, एजेंसी।** सोशल मीडिया सेंसेशन अंजलि अरोड़ा बीते काफी समय से एक वायरल एमएमएस की वजह से चर्चा में हैं। दावा किया गया कि वायरल एमएमएस अंजलि अरोड़ा का है, जिसके बाद से ही वह लगातार ट्रोल हो रही हैं। अंजलि अपनी बोल्ड फोटोज और वीडियो की वजह से भी ट्रोल होती हैं। लोग उन्हें खोरी-खोटी सुनाने का एक भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन अब अंजलि अरोड़ा ने तमाम ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। अंजलि अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती का एक वीडियो शेयर किया है, जो द कपिल शर्मा के शो का है। इस वीडियो में अभिनेत्री कहती दिख रही हैं, दुश्मनों को यही खल रहा है कि तूफानों में भी हमारा दीया क्यों जल रहा है। यह वीडियो उस एपिसोड का है जब कपिल शर्मा के शो में भोजपुरी कलाकार रवि किशन, रानी चटर्जी और आम्रपाली दुबे एक साथ नजर आए थे और सभी लोगों ने धमाल मचा दिया था। बीते दिनों अंजलि अरोड़ा पायल रोहतगी और संग्राम सिंह के रिसेप्शन में पहुंची थीं। यहां पर अंजलि ब्लैक और ऑफ व्हाइट कलर के लहंगे में दिखीं। पैपराजी के सामने अंजलि ने पोज भी दिए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही लोगों ने उन्हें फेक एमएमएस को लेकर ट्रोल करना शुरू कर दिया था। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट किया, एमएमएस लीक होने के बाद ये फिर से आ गई, तो दूसरे ने लिखा, पार्ट 2 कब आ रहा है। इसके अलावा कई यूजर ने अंजलि को लेकर भद्दे कमेंट्स किए थे।

# खेल दिवस विविध आयोजन, विभूतियों का सम्मान

## रानीताल परिसर पर हुआ कबड्डी प्रदर्शन मैच

**जबलपुर, यशभारत।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं साई स्पोर्टस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में खेल दिवस के अवसर पर रानीताल खेल परिसर पर पुरुष व महिला वर्ग का एक-एक प्रदर्शन में रखा गया जिसमें पुरुष वर्ग में रांझी स्पोर्ट्स क्लब ने विकास क्लब को संघर्षपूर्ण मैच में हराकर विजेता बनीं। वहीं जबलपुर कारपोरेशन ने जबलपुर अकैडमी को महिला वर्ग में हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर, बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच इब्राहिम सर कबड्डी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पप्पू, संरक्षक डॉ अमित साहू , विवेकानंद मंडल के अध्यक्ष योगेश बीलोहा ,विक्की मिश्रा मंचासीन थे जिनका पुष्पहार से स्वागत खेल अधिकारी आशीष पांडे साई प्रशासक कुलदीप सिंह बरार ने किया । साई स्पोर्ट्स सेंटर की ओर से मुख्य अतिथि का शॉल श्रीफल से सम्मान भी किया गया इस अवसर पर कबड्डी संघ के सचिव शानू यादव का भी शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। विजेता उपविजेता को खेल विभाग व साई स्पोर्ट्स सेंटर की ओर से विजेता व उप विजेता को ट्रॉफी प्रदान की गई। .






## जागरूक खेल संघ ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्य आतिथ्य में जागरूक खेल संघ, जागरूक मतदाता संघ एवं जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में समदड़िया इन होटल रसल चौक में विशिष्ट अतिथियों, खिलाड़ियों एवं पार्षदों की गरिमामय उपस्थिति में खेल दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों का सम्मान शाल श्रीफल, मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजू पहलवान, दिनेश गौंड़, दिलीप सिंह ठाकुर, स्टेनली नॉबर्ट, हेमंत ठाकरे, एस.बी.रजक, गुडविन चार्ल्स, राम मूर्ति पिल्ले, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह आदि ने चौबीस खिलाड़ियों/कोचों, दस पार्षदों एवं चार कलम के जादूगरों का सम्मान किया गया।

## छात्राओं की टग ऑफ वार में दिखाया दमखम



**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय होमसाइंस एवम् साइंस महिला महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि पर खेलों का औपचारिक रूप से आगाज़ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में डॉ लीला भलावी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग उपस्थित रहीं एवं् विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त क्रीड़ा अधिकारी वी के चंसोरिया रहें। संस्था प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार के मार्गदर्शन वा प्रभारी प्राचार्य डॉ आभा तिवारी की उपस्थिति में छात्राओं की च्टग ऑफ वारज्ज (रस्साकशी) प्रतियोगिता में उल्लासपूर्ण सहभागिता के साथ खेल दिवस की गतिविधियां प्रारंभ की गई। क्रीड़ा अधिकारी गुणवंत सिंह के अनुसार वॉलीबाल, बास्केटबॉल आदि सामूहिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी इसी क्रम में किया जाएगा । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राजलक्ष्मी त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम एवम् प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बृजलता दुबे, डॉ अर्चना गुप्ता, डॉ गिरीश वर्मा , डॉ साधना केसरवानी, डॉ विजय खरे एवम् अन्य सम्मानित प्राध्यापक , सहायक प्राध्यापक गणों ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## संत अलॉयसियस महाविद्यालय ने किया राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** मेजर ध्यानचंद की जंयती के अवसर पर संत अलॉयसियस महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग द्वारा, इंटरक्लास टेबिल टेनिस का आयोजन प्राचार्य डॉ. फा. वल्लन अरासू के निर्देशन में किया गया जिसमें पुरूष वर्ग में बी.कॉम तृतीय वर्ष के छात्र विजेता हुए एवं महिला वर्ग में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्राऐं विजयी रही। इसके साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल कला का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान्ति किया गया। जिसके अंतर्गत अन्तराष्ट्रीय क्षेत्र में अपना परचम लहरा चुकी- मुस्कान किरार (तीरंदांजी), मो. जेबल मंसूरी (कराटे), आदित्य उपाध्याय (खेलो इंडिया यूर्निवसिटी गेम्स, तीरंदांजी), चिराग विद्यार्थी (खेलो इंडिया यूर्निवसिटी गेम्स, तीरदांजी ), सैयद फैजान रहमानी (खेलो इंडिया यूर्निवसिटी गेम्स जूडो), साथ ही आल इंडिया वि.वि. में अदिति श्रीवास्तव,(वुशु) राष्ट्रीय स्तर पर याशिका शर्मा (वेट लिपिटेंग) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. हरीश दुबे एवं सुश्री रोहिला पिल्ले, फादर प्रदीप का सहयोग प्राप्त हुआ।

## केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत



**जबलपुर, यशभारत।** बिजली महकमे के केन्द्रीय कीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद का जन्मोत्सव राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के महासचिव राजीव कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में मशाल परिसर में खेल दिवस मनाया गया ओर खेलो को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय क्रीड़ा परिषद के द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी एवं 15 अगस्त के शुभ अवसर पर लय श्री नृत्य संस्था के बच्चों के द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुति के उपलक्ष में प्रशिक्षक विश्वनाथ धारगे सहित प्रतिभागी कनिका खरे, रियांशी साहू छाया पटेल याशिका, रिया तन्वी अदिति कशिश गुरमीत ओर अन्य को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा परिषद के सचिव कार्यालय आलोक श्रीवास्तव वित्त सचिव देवेंद्र चाढोरकर खेल सचिव एके अलंग एनबी क्षत्रिय ओर राकू स्वामी सहित कार्यालयीन स्टाफ ओर खिलाड़ी मौजूद रहे।

# बेलगाम ट्रक ने मवेशियों के झुंड को रौंदा






## एक दर्जन गायों की मौत, 3 घायल, पीरबाबा बायपास मार्ग पर हादसा

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत जबलपुर-रीवा बायपास मार्ग पर ट्रांसपोर्ट नगर के समीप बेलगाम व दानवी रफ्तार ट्रक सड़क पर बैठे हुए मवेशियों को कुचलते हुए गुजर गया। जिसके कारण एक दर्जन गायों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन गाय गंभीर रूप से घायल हो गईं। ऊधर दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक भी बहक कर सड़क किनारे मिट्टी में धंस गया और चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

दुर्घटना की जानकारी लगने के बाद आज सुबह गौ रक्षा कमांडों फोर्स की अध्यक्ष अमिता श्रीवास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सकों को मौके पर बुलाकर घायल गायों का उपचार कराने के बाद उन्हे गौशाला भिजवाया। वहीं दुर्घटना में कालकवलित हुईं गायों को नगर निगम की टीम के माध्यम से जमीन में दफन करवाया। गौरतलब है कि बारिश के मौसम में जमीन गीली होने के कारण अधिकांश गौवंश सड़कों पर ही रहता है। जिसके कारण आए दिन हाइवे सहित दूसरी सड़कों पर दुर्घटनाएं होती हैं और गौवंश की जान जाती है। इसके बावजूद पशु पालक अपने मवेशियों को बांधकर नहीं रखते हैं। बहरहाल पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# बाइक की ठोकर से युवा किसान की मौत

## अलग-अलग सड़क हादसों में गई दो लोगों की जान

**कटनी, यशभारत।** रीठी व स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार रीठी थाना अंतर्गत ग्राम मोहास निवासी 28 वर्षीय राममिलन लोधी पिता सुक्का लोधी गतदिवस अपने खेतों की एतकवारी कर रहा था। बताया जाता है कि जब वह आवारा पशुओ को खेत से भगा सड़क पर हांक रहा था। उसीदौरान एक तेज रफ्तार मोटरसायकल क्रमांक एप.पी.21एमक्यू-1705 ने उसे जोरदार ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मोटरसायकल में दो लोग सवार थे, जिसमें एक घटना के बाद फरार हो गया जबकि दूसरे को चोट लगने के कारण वह नहीं भाग सका। उसका अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने मोटर सायकल चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पौनिया में मंदसौर जिले के सेमलीशंकर निवासी 45 वर्षीय राजू बाई पति नागुनाथ की हादसे में आई चोटों के कारण इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



## बाइक में युवक ने लगाई आग

**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ में एक आरोपी द्वारा मोटरसायकल में आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमगवां निवासी 32 वर्षीय नवाब सिंह ठाकुर की मोटर सायकल को ग्राम हरदुआ निवासी रूप सिंह ठाकुर के द्वारा आग लगाकर जला दी गई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को जांच में लिया है।



## कंपनी में कार्यरत मजदूर की मौत

### परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर लगाए लापरवाही के आरोप

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत केल्ड्रिज कंपनी में काम के दौरान घायल हुए एक 47 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक उपनगरीय क्षेत्र लखेरा निवासी 47 वर्षीय श्यामलाल द्विवेदी कल सोमवार की 3 से 11 पाली वाली डयूटी में कंपनी गए। इसके बाद रात में 11 बजे के बाद घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने सोचा की ओवरटाइम कर रहे होंगे। वहीं आज सुबह सूचना मिली कि श्यामलाल अस्पताल में है। यहां आ जाए। परिजन अस्पताल पहुंचे तो उन्हे श्यामलाल की लाश मिली। श्यामलाल के सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## तीजा पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



अखण्ड सौभाग्य की कामना का महापर्व हरतालिका तीजा आज सुहागन महिलाओं एवं कुवारी कन्याओं द्वारा उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही महिलाएं पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना की जाएगी। हरतालिका तीज को संकल्प शक्ति का प्रतीक और अखंड सौभाग्य की कामना का परम पावन व्रत माना जाता हैं। हरतालिका तीज का व्रत निर्जला किया जाता है। इस व्रत को कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां करती हैं। हरतालिका तीज का व्रत सबसे कठिन व्रत माना जाता है। आज व्रतधारी महिलाओं एवं कुवारी कन्याओं द्वारा फुलेहरा के नीचे भगवान शंकर एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाएगी एवं सारी रात भजन कीर्तन का सिलसिला चलेगा।

# आरक्षकों पर जबरन प्रताड़ित करने का आरोप

## पीड़ित युवकों ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर निवासी कुछ युवकों ने माधवनगर थाने में पदस्थ आरक्षकों पर जबरन पैसों की मांग करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रताड़ित युवकों ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को एक शिकायत देकर जबरन प्रताड़ित करने वाले आरक्षकों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र की प्रति यशभारत को उपलब्ध कराते हुए माधवनगर निवासी मयूर हरवानी पिता घनश्यामदास हरवानी, मनीष आडवानी पिता आसूदामल आडवानी, विक्की लीलानी पिता गुलाबराय लीलानी, रवि कुमार चांदवानी पिता वाधूराम चांदवानी व विक्की भगतानी पिता राजकुमार भगतानी ने बताया कि वो सभी बीती 24 अगस्त की रात साढ़े 11 बजे के लगभग खाना खाकर समदड़िया कालोनी के पास टहल रहे थे। उसीदौरान माधवनगर थाने में पदस्थ आरक्षक नन्हा उर्फ रविन्द्र कुमार, शिव पटेल व एक अन्य आरक्षक उनके पास पहुंचे और रात में सड़क पर टहलने का कारण पूछा। जब उनको बताया गया कि वो खाना खाकर टहल रहे हैं तो गाली गलौज करने लगे तथा दारू पीकर आवारागर्दी करने का आरोप लगाकर थाने ले गए। जहां मारपीट करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 10 हजार रूपयों की मांग की गई। पीड़ित युवकों का आरोप है कि आरक्षकों ने उन्हे रात 2 बजे तक थाने में बैठाकर रखा और 10 हजार रूपए न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर छोड़ा। पीड़ित युवकों ने पुलिस अधीक्षक से दोषी आरक्षकों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।



## मार्ग अवरुद्ध करने पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद पुलिस ने आम रास्ते को अवरुद्ध करने पर एक के खिलाफ धारा 435 के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुआं में आम रास्ते पर नरेश चक्रवर्ती, गुड्डू साहू, पंचू चक्रवर्ती, सुरेश चक्रवर्ती, संजू बर्मन, सुनील आदिवासी, गोलू चक्रवर्ती एवं 10-15 अन्य लोग व चार-पांच महिलाएं मिलकर आम रास्ते को अवरुद्ध कर दिया था। दीपक पटेल की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## मवेशी पर कुल्हाड़ी से हमला

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सरसवाही में एक व्यक्ति ने गौवंश को कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुखदेव प्रसाद निवासी ग्राम सरसवाही के मवेशी को कोदूलाल चौधरी निवासी ग्राम सरसवाही ने कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## पुलिस को देख तस्कर हुआ फरार,बड़वारा पुलिस ने की कार्रवाई

# लग्जरी कार से सात किलो गांजा बरामद



**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत कटनी-शहडोल मार्ग पर ग्राम निगहरा के पास कीचड़ में फंसी एक लग्जरी कार से 40 हजार रूपए कीमती 7 किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया है। हालांकि गांजा तस्कर पुलिस से ज्यादा चौकन्ना निकला। पुलिस के आने से पहले ही वह सड़क किनारे कार खड़ी कर भाग निकला है। पुलिस ने कार की तलाशी ली और उससे गांजा सहित कार व दस्तावेज जप्त करते हुए कार्रवाई की है।

बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम निगहरा कमानिया गेट के पास एक व्यक्ति गांजा तस्करी के लिए खड़ा है। वह किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देने पहुंची तो पुलिस के आने के पहले ही आरोपी फरार हो गया। कार क्रमांक सी.जी.15बी-6839 में तलाशी के दौरान 7 किलोग्राम गांजा जप्त किया है। पुलिस ने एक लाख 40 हजार रुपए का गांजा, 8 लाख रुपए कीमती कार, पैन कार्ड, डाइविंग लाइसेंस, पर्स आदि जप्त किया है। आरोपी कार चालक राजेश गुप्ता निवासी अनूपपुर बताया जा रहा है जो गांजा की खेप लेकर पहुंचा था, जिसकी तलाश की जा रही है।

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501

आवश्यकता है
ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित (ट्रेंड) लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन चार अंकों में।
संपर्क करें
मो. 7999455707, 7477265661

एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.एम.एस.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी समय-10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
Get Floored with Marbonite Bestsellers
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)